आश्विन कृष्णा - 7 | संवत 2080 | वर्ष - 11 | अंक - 73 | पृष्ठ - 8 | रु. 5/- | चेन्नई » गुरुवार » 05-10-2023 | www.dakshinbharat.com | Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 शरद पवार की सहमति से 2019 में महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लगाया गया : फडणवीस

6 मुस्कान है सेहत एवं समृद्धि का अनमोल उपहार

7 जैकलीन पर तंज कसना मीका सिंह को पड़ा भारी



REPCO BANK
(Govt. of India Enterprise)
REPCO 400
New Deposit Scheme
For Senior Citizen
8.50% p.a.
8.00% p.a. For General
Conditions apply
*For members only
www.repcobank.com
044 - 2834 0715, 2834 3716

## फर्स्ट टेक

### राजस्थान, मध्यप्रदेश में मोदी 17,600 करोड़ की परियोजनाएं शुरू करेंगे

**नई दिल्ली/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को राजस्थान और मध्य प्रदेश का दौरा करेंगे और करीब साढ़े 17 हजार करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन अथवा शिलान्यास करेंगे।



प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी सुबह करीब 11 बजे राजस्थान के जोधपुर में सड़क, रेल, विमानन, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों की लगभग 5000 करोड़ रुपये लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री जोधपुर के कार्यक्रम के बाद लगभग साढ़े तीन बजे मध्य प्रदेश के जबलपुर पहुंचेंगे, जहां वह सड़क, रेल, गैस पाइपलाइन, आवास और स्वच्छ पेयजल जैसे क्षेत्रों में 12,600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

### खालिस्तान समर्थक आतंकी सक्रिय, दो संदिग्धों की तलाश

**धर्मशाला/वार्ता।** हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में शुरू होने वाले वर्ल्ड कप मैचों से पहले खालिस्तान समर्थक सक्रिय हो गए हैं। खालिस्तान समर्थकों के धर्मशाला में एक सरकारी विभाग की दीवार पर स्प्रे पेंट से खालिस्तान समर्थन में नारे लिख डाले। वहीं पुलिस ने इस संदर्भ में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बाद में हालांकि, इस नारे को पुलिस के आला अफसरों की मौजूदगी में मिटा डाला गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जल शक्ति विभाग के कार्यालय की दीवार पर कुछ शरारती तत्वों ने खालिस्तान जिंदाबाद का नारा काले रंग के स्प्रे पेंट से लिख डाला। दीवार पर लिखे इस नारे की सूचना पुलिस को एक स्थानीय व्यक्ति ने दी। इसके बाद उन्होंने जांच-पड़ताल शुरू कर दी। साथ ही विभागों में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगालना शुरू कर दिया।

| | |
|---|---|
| सूर्यास्त 05-10-2023 6:07 बजे | सूर्योदय 06-10-2023 6:09 बजे |
| BSE 65,226.04 (-286.06) | NSE 19,436.10 (-92.65) |
| सोना 5,992 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 71,800 रु. प्रति किलो |

दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मामले में

# 'आप' सांसद संजय सिंह को ईडी ने किया गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली।** दिल्ली के आबकारी घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार किया है। ईडी ने संजय सिंह के दिल्ली वाले घर में बुधवार सुबह 7 बजे से छापा मारा था। यहां से कई दस्तावेज जब्त किए गए थे। लंबी पूछताछ के बाद ईडी ने बुधवार शाम करीब 5:30 बजे संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आबकारी नीति केस की चार्जशीट में संजय सिंह का भी नाम है। इस प्रकरण में मनीष सिसोदिया फरवरी से ही जेल में हैं।

इसी साल जनवरी में प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी चार्जशीट में संजय सिंह का नाम जोड़ा था। इसको लेकर संजय सिंह ने काफी हंगामा मचाया था। संजय सिंह ने दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय ने उनका नाम गलती से जोड़ दिया है। जिस पर प्रवर्तन निदेशालय ने जवाब दिया कि उनकी चार्जशीट में संजय सिंह का नाम चार जगह लिखा गया ह। इनमें से तीन जगह नाम सही लिखा गया है। सिर्फ एक जगह टाइपिंग की गलती हो गई थी।

# सुरक्षा चिंताएं क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा से कहीं आगे तक फैल गई हैं : मुर्मू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



■ तेजी से बदलते भू-राजनीतिक माहौल में किसी भी प्रतिकूल स्थिति से निपटने के लिए हमें पूरी तरह से तैयार रहने की जरूरत है।

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि भारत की सुरक्षा चिंताएं क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा से कहीं आगे तक फैली हुई हैं और इसमें अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, ऊर्जा सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा सहित कल्याण के अन्य आयाम भी शामिल हैं।

राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के 63वें पाठ्यक्रम संकाय और सदस्यों ने राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात की। उन्हें संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक भू-राजनीतिक वातावरण गतिशील है और कई चुनौतियां खड़ी करता है। उन्होंने कहा, तेजी से बदलते भू-राजनीतिक माहौल में किसी भी प्रतिकूल स्थिति से निपटने के लिए हमें पूरी तरह से तैयार रहने की जरूरत है। भूराजनीतिक गतिशीलता ने सुरक्षा परिदृश्य को बदल दिया है। राष्ट्रीय एवं वैश्विक मुद्दों की गहरी समझ की आवश्यकता है। हमें न केवल अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करना है बल्कि साइबर युद्ध, प्रौद्योगिकी के जरिए आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन जैसी नई सुरक्षा चुनौतियों के लिए भी तैयार रहना है।

राष्ट्रपति ने कहा कि व्यापक शोध पर आधारित नई जानकारियां और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, आपको वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नवीन अनुप्रयोगों का पता लगाने की आवश्यकता है। वास्तव में, सरकारी एजेंसियों और कॉर्पोरेट क्षेत्र को इन चुनौतियों की पहचान करने और उनका समाधान करने के लिए सहयोग करने की जरूरत है।

मुर्मू ने कहा कि जिस तरह से वैश्विक घटनाएं हो रही हैं, उससे 'आत्मनिर्भर' होने की अहमियत समझ आ रही है। उन्होंने कहा कि वैश्विक रूप से सक्षम होने और भविष्य की किसी भी स्थिति और संकट से निपटने के लिए तैयार रहने की भी जरूरत है। उन्होंने कहा, आज हमारी सुरक्षा चिंताएं क्षेत्रीय अखंडता के संरक्षण से कहीं आगे तक फैली हुई हैं और इसमें अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, ऊर्जा सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा सहित कल्याण के अन्य आयाम भी शामिल हैं।

# उज्ज्वला लाभार्थियों को अब प्रति सिलेंडर 300 रुपये मिलेगी सब्सिडी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** विधानसभा चुनावों और त्योहारी सीजन से पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए सब्सिडी राशि 200 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये प्रति एलपीजी सिलेंडर करने का निर्णय लिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुयी मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गये निर्णयों की जानकारी देते हुये सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने हमारे देश की महिलाओं के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और आज के फैसले से उन्हें फायदा होगा।




# राजनाथ ने रक्षा क्षेत्र के लिए पांचवीं स्वदेशीकरण सूची जारी की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढावा देने की दिशा में आज एक और बड़ा कदम उठाते हुए 98 रक्षा साजो सामान की पांचवीं सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची जारी की। सूची में शामिल सामान का अब आयात नहीं किया जायेगा और इन्हें निश्चित समय सीमा में देश में ही बनाया जायेगा।

सिंह ने बुधवार को यहां रक्षा और नवाचार के क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' को बढ़ावा देने के लिए, नौसेना नवाचार और स्वदेशीकरण संगठन के दो दिवसीय सेमिनार 'स्वावलंबन' के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए यह सूची जारी की। इस सूची में अत्यधिक जटिल सिस्टम, सेंसर, हथियार और गोला-बारूद जैसे सामानों को शामिल किया गया है। इन सभी वस्तुओं को रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया 2020 में के प्रावधानों के अनुसार अलग-अलग समय-सीमा में स्वदेशी स्रोतों से खरीदा जाएगा।

रक्षा मंत्री ने इस मौके पर दसवीं रक्षा भारत स्टार्ट-अप चुनौतियां और रक्षा उद्योग के लिए 76 चुनौतियों के कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। उन्होंने भारतीय नौसेना का अद्यतन स्वदेशीकरण रोडमैप 'स्वावलंबन 2.0' भी जारी किया। सेमिनार के दूसरे दिन रोडमैप की बारीकियों को समझाने के लिए उद्योग के लिए एक विशेष इंटरैक्टिव सत्र की योजना बनाई गई है।

# न्यायालय में दोषियों की जमानत याचिका खारिज, अपील पर फरवरी में सुनवाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

■ 1998 कोयंबटूर विस्फोट मामला

नई दिल्ली/कोयम्बटूर। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को 1998 के कोयंबटूर बम विस्फोट मामले में कुछ दोषियों की जमानत याचिका खारिज कर दी और इस घटना को 'नृशंस' करार दिया। इस धमाके में 58 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 250 लोग घायल हुए थे। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अगुवाई वाली पीठ कुछ दोषियों द्वारा जमानत की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

जमानत याचिका खारिज करते हुए पीठ ने कहा कि दोषसिद्धि और सजा को बरकरार रखने वाले मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली दोषियों की अपील पर फरवरी 2024 के पहले सप्ताह में सुनवाई की जाएगी। दोषियों की ओर से पेश वकीलों में से एक ने जमानत की गुहार लगाते हुए कहा कि उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है और वे पिछले लगभग 25 वर्षों से हिरासत में हैं। न्यायमूर्ति सी.टी. रविकुमार और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की सदस्यता वाली पीठ ने इस पर कहा कि कितने लोग मारे गये थे? जब श्रृंखलाबद्ध धमाकों में मारे गये लोगों की संख्या के बारे में बताया गया, तो अदालत ने कहा कि उन्हें उस अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है जिसमें 58 लोगों की मौत हो गई।

पीठ ने कहा, जमानत का सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि सरकारी वकील ने कहा कि इतने सारे लोगों की हत्या के अलावा दोषियों ने शहर के साथ जो किया वह 'अक्षम्य' था।

## कुलगाम में मुठभेड़, दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ दिन में शुरू हुई जब सुरक्षा बलों ने वहां आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद कुज्जर में घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया। कश्मीर जोन पुलिस ने 'एक्स' (पूर्ववर्ती ट्विटर) पर पोस्ट किया, ''दो आतंकवादी मारे गए। मुठभेड़ स्थल से मारे गए आतंकवादियों के शव बरामद किए जा रहे हैं। घेराबंदी और तलाशी अभियान अब भी जारी है।

## तीन वैज्ञानिकों को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार

**चेन्नई।** स्टॉकहोम, चार अक्टूबर (एपी) रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार मौंगी बावेंडी, लुई ब्रूस और एलेक्सी एकिमोव को सूक्ष्म क्वांटम डॉट्स पर उनके काम के लिए देने की घोषणा की गई है। क्वांटम डॉट्स सूक्ष्म कण होते हैं जो बहुत चमकीले रंग का प्रकाश छोड़ सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और चिकित्सा जगत में इमेजिंग में इनका इस्तेमाल किया जाता है।

# तेजस रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की भारत की यात्रा का प्रतीक : अजय भट्ट

**नई दिल्ली/बेंगलूरु/वार्ता।** रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा है कि हल्का लड़ाकू विमान तेजस रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की यात्रा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि तेजस का विनिर्माण कार्यक्रम विदेशी विमानों पर देश की निर्भरता को कम करने की प्रतिबद्धता का शानदार उदाहरण रहा है, और यह आत्मनिर्भर भारत के लिए आशा की किरण के रूप में काम करता है।



भट्ट बुधवार को बेंगलूरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा वायु सेना को तेजस ट्विन सीटर विमान सौंपने के मौके पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे।

रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि तेजस कार्यक्रम निरंतर समर्पण और नवाचार की एक प्रेरक गाथा रही है। इस विमान की शुरुआत भारतीय वायु सेना को ए विश्व स्तरीय स्वदेशी लड़ाकू विमान से लैस करने के सपने में निहित थी। शुरुआत में कई लोगों का मानना था कि यह बहुत महत्वाकांक्षी सपना था, लेकिन हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए), डीआरडीओ प्रयोगशाला, सीईएमआईएलएसी, डीजीएक्यूए, पीएसयू, वायु सेना और अनगिनत अन्य संस्थानों के कर्मचारियों तथा इस कार्यक्रम में योगदान देने वाले व्यक्तियों ने साबित कर दिया कि जब देश का हित पहले आता है, तो कुछ भी असंभव नहीं है और सभी संस्थान इस महत्वपूर्ण उद्देश्य को पूरा करने के लिए एक साथ आए।

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### नेता गुण

नेता होते हैं बाजीगर,
मुद्दों से ध्यान बँटाने में।
होते हैं पूरे व्यापारिक,
रिश्तों को जोड़-घटाने में।
पूरे होते हैं क्रूर कुशल,
पथ कंटक दूर हटाने में।
जिस पर उनका दिल आ जाए,
पल लगता उसे पटाने में।।

# सिक्किम में अचानक आई बाढ़

## आठ लोगों की मौत, 23 सैन्यकर्मी समेत 49 लोग लापता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गंगटोक/भाषा।** उत्तरी सिक्किम में ल्होनक झील पर बादल फटने से तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने के बाद आठ लोगों की मौत हो गई और 23 सैन्यकर्मी समेत 49 लोग लापता हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीन लोग उत्तरी बंगाल में बह गए।

अधिकारियों ने बताया कि चुंगथांग बांध से पानी छोड़े जाने के कारण स्थिति और बिगड़ गई। बाढ़ मंगलवार देर रात करीब डेढ़ बजे आई। गंगटोक के उप जिला मजिस्ट्रेट (एसडीएम) महेंद्र छेत्री ने बताया, ''गोलिटार और सिंगताम क्षेत्र से पांच शव बरामद किए गए हैं।''

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि 23 सैन्यकर्मियों के अलावा, 26 नागरिक भी लापता हैं, जबकि 45 लोगों को बचाया गया, जिनमें 18 घायल हैं।

एक अधिकारी ने बताया, ''राज्य की राजधानी गंगटोक से 30 किलोमीटर दूर सिंगताम में स्टील से बना एक पुल बुधवार तड़के तीस्ता नदी के पानी में पूरी तरह से बह गया। इस पुल को इंद्रेणी पुल के नाम से भी जाना जाता है।''

सिक्किम सरकार ने एक अधिसूचना में इसे आपदा घोषित कर दिया है। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि चुंगथांग बांध से पानी छोड़े जाने के कारण झील में जलस्तर अचानक 15 से 20 फुट तक बढ़ गया। उन्होंने बताया, ''सेना के 23 जवानों के लापता होने की सूचना है और 41 वाहन कीचड़ में धंसे हुए हैं।''

प्रवक्ता ने कहा कि संचार व्यवस्था ठप होने के कारण लापता कर्मियों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

गंगटोक से सिंगताम की ओर ट्रैकिंग के लिए निकले कोलकाता के पर्यटक राजीव भट्टाचार्य (25) ने फोन पर 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हमने घाटी में तेज गति से पानी की एक विशाल लहर को आते देखा... सौभाग्य से, मैं और मेरे दोस्त ऊंची जगह पर थे और अचानक आई बाढ़ से प्रभावित नहीं हुए। अब हम वापस गंगटोक जा रहे हैं।''

# राकांपा नेता मोहम्मद फैजल को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** हत्या के प्रयास के एक मामले में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता मोहम्मद फैजल पी. पी. की दोषसिद्धि को निलंबित करने से केरल उच्च न्यायालय के इंकार करने के बाद बुधवार को उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया।

लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी एक बुलेटिन में कहा गया, केरल उच्च न्यायालय के दिनांक 03.10.2023 के आदेश के मद्देनजर, केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप के लक्षद्वीप संसदीय क्षेत्र से सांसद मोहम्मद फैजल पी. पी. को लोकसभा की सदस्यता से उनकी दोषसिद्धि की तिथि, 11 जनवरी, 2023 से अयोग्य घोषित किया जाता है।

यह दूसरी बार है जब फैजल को लोकसभा सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित किया गया है।

इससे पहले उन्हें 25 जनवरी को लोकसभा के सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित किया गया था। कावारत्ती के सत्र न्यायालय द्वारा फैजल व तीन अन्य को पी. सालेह की हत्या के प्रयास के आरोप में 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाए जाने के कुछ दिनों बाद उन्हें (फैजल को) अयोग्य घोषित किया गया था।

केरल उच्च न्यायालय द्वारा इस मामले में दोषसिद्धि और सजा को निलंबित किए जाने के दो माह बाद 29 मार्च को फैजल की अयोग्यता रद्द कर दी गई थी।

अगस्त 2023 में केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप द्वारा दायर एक अपील पर उच्चतम न्यायालय ने केरल उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया था।

## मंत्रिमंडल ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना के लिए कृष्णा जल अधिकरण की संदर्भ शर्तों को मंजूरी दी

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कृष्णा जल विवाद अधिकरण की संदर्भ शर्तों को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बीच नदी के जल बंटवारे को नियंत्रित किया जाएगा। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि अधिकरण दोनों राज्यों में उन परियोजनाओं के लिए परियोजना-वार आधार पर पानी आवंटित करेगा, जो विकासात्मक या भविष्य के उद्देश्यों के लिए हैं। ठाकुर ने कहा, ''केडब्ल्यूडीटी (कृष्णा जल विवाद अधिकरण) संदर्भ की नई शर्तें प्रदान करेगा, जिसके तहत अधिकरण भविष्य में कृष्णा नदी के पानी को दोनों राज्यों - आंध्र प्रदेश और तेलंगाना - के बीच विभाजित करेगा। भविष्य में यह दोनों राज्यों में प्रस्तावित परियोजनाओं के आधार पर परियोजना-वार पानी आवंटित करेगा।''

# कंपनी सचिवों को कॉरपोरेट संचालन पर नए सिरे से प्रतिबद्ध होने की जरूरत: सीतारमण




**वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने छोटी गड़बड़ियों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने, ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाली संहिता लागू करने और नियामक एवं कर सुधारों को लागू कर कारोबारी सुगमता बढ़ाने के लिए उठाए हैं कई कदम**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कंपनी सचिवों से कंपनियों के बेहतर संचालन पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की दिशा में यह अहम होगा।

सीतारमण ने भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के 55वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह बेहतर कॉरपोरेट संचालन के लिए खुद को नए सिरे से प्रतिबद्ध करने का वक्त है। उन्होंने कहा, हम अपनी मूल्य प्रणालियों को शिथिल पड़ते हुए नहीं देख सकते हैं। कॉरपोरेट संचालन एक ऐसा मसला है जिस पर हम सभी प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर उन्होंने अग्निवीर, रक्षा कर्मियों और शहीद जवानों के परिजनों को कंपनी सचिव पाठ्यक्रम में पंजीकरण के समय शुल्क माफ करने के आईसीएसआई के फैसले की सराहना भी की। उन्होंने शहीदों की बेटियों की शिक्षा के लिए 11 लाख रुपये का चंदा देने को भी प्रशंसनीय बताया।

सीतारमण ने कहा कि सरकार ने छोटी गड़बड़ियों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने, ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता लागू करने और नियामकीय एवं कर सुधारों को लागू कर कारोबारी सुगमता बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। 1,500 पुराने कानूनों के साथ 39,000 गैर-जरूरी नियमों के अनुपालन को भी खत्म कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करने के लिए किए गए प्रयासों से भारत में पिछले तीन वित्त वर्षों में करीब 230 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। उन्होंने कहा, ऐसे समय में कॉरपोरेट क्षेत्र में बढ़िया संचालन सुनिश्चित कर कंपनी सचिव बड़ा फर्क पैदा कर सकते हैं।




## मुंबई में लोकल ट्रेन पटरी से उतरी, कोई हताहत नहीं, उपनगरीय सेवाएं प्रभावित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर बुधवार को लोकल ट्रेन का एक डिब्बा पटरी से उतर गया जिसकी वजह से उपरनगरीय रेल सेवाएं प्रभावित हुई हैं। हादसे के समय उक्त ट्रेन में यात्री नहीं थे।

पश्चिम रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के भी घायल होने की सूचना नहीं है।

उन्होंने बताया कि सुबह करीब 11 बजकर 30 मिनट पर जब लोकल ट्रेन कार शेड में जा रही थी तो क्रॉसिंग प्वॉइंट (जहां ट्रेन एक पटरी से दूसरी पटरी पर जाती है) पर एक पहिया पटरी से उतर गया। कुछ यात्रियों के अनुसार, इस घटना के कारण 'स्लो लाइन' पर रेल सेवाएं प्रभावित रहीं। 'फास्ट लाइन' पर रेल सेवाएं सुचारू रहीं।

एक महिला यात्री ने दावा किया कि वह दादर स्टेशन पर 20 मिनट से अधिक समय तक इंतजार करती रहीं, लेकिन कोई ट्रेन नहीं आई और इस बारे में कोई घोषणा भी नहीं की जा रही थी।

मुंबई क्षेत्र में एक सप्ताह से भी कम समय में ट्रेन के पटरी से उतरने की कम से कम यह दूसरी घटना है।

मुंबई से सटे रायगढ़ जिले में शनिवार दोपहर एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई थी, जिससे पनवेल-वसई रेल मार्ग पर परिचालन बाधित हो गया था।



## मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा बैठक शुरू, रेपो दर स्थिर रहने का अनुमान

**मुंबई/भाषा।** रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अगुवाई वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक बुधवार से शुरू हो गई। इस तीन-दिवसीय बैठक में नीतिगत रेपो दर की मौजूदा आर्थिक परिस्थितियों के संदर्भ में समीक्षा की जाएगी। बैठक में किए गए फैसलों की घोषणा शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर करेंगे।

विशेषज्ञों का अनुमान है कि एमपीसी की बैठक में रेपो दर को एक बार फिर स्थिर रखे जाने का फैसला लिया जा सकता है। मुद्रास्फीति की स्थिति और मौजूदा वैश्विक कारकों को ध्यान में रखते हुए एमपीसी रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर ही बरकरार रख सकती है। रिजर्व बैंक ने पिछले साल रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध छिड़ने के बाद बदली हुई परिस्थितियों में रेपो दर में बढ़ोतरी का सिलसिला मई, 2022 में शुरू किया था। नीतिगत ब्याज दर में बढ़ोतरी का यह सिलसिला फरवरी, 2023 तक जारी रहा। इस दौरान रेपो दर चार प्रतिशत से बढ़कर 6.5 प्रतिशत पर पहुंच गई। हालांकि उसके बाद से आरबीआई की मौद्रिक नीति निर्धारण संबंधी सर्वोच्च इकाई एमपीसी ने रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया है। पिछली तीन द्विमासिक बैठकों में एमपीसी ने रेपो दर को 6.5% पर ही बनाए रखा है। रेपो दर वह ब्याज दर है जिस पर आरबीआई वाणिज्यिक बैंकों को फौरी जरूरतों के लिये उधार देता है। इस दर में बदलाव होने से बैंकों को मिलने वाला धन महंगा या सस्ता होता है और उसका असर खुदरा बैंकिंग कर्जों पर पड़ता है।

## जीडीपी वृद्धि में विनिर्माण क्षेत्र को लेकर भारत का अनुभव बाकी दुनिया से अलग : नीति सदस्य



**नई दिल्ली/भाषा।** नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने बुधवार को एक प्रतिस्पर्द्धी अर्थव्यवस्था के गठन पर जोर देते हुए कहा कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में विनिर्माण क्षेत्र के उभार एवं उत्थान को लेकर भारत का अनुभव बाकी दुनिया से अलग रहा है। विरमानी ने यहां 'इंस्टीट्यूट फॉर स्टडीज इन इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट' (आईएसआईडी) में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने पिछले 10 साल में उत्पाद एवं सेवा क्षेत्र से संबंधित नीतिगत सुधारों के साथ खुद को स्थापित किया है। उन्होंने कहा, विनिर्माण जीडीपी के उभार एवं उत्थान को लेकर भारत का अनुभव बाकी दुनिया से अलग रहा है। इसमें पिछले कई वर्षों से एक स्थिरता देखने को मिली है।

नवीनतम सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत के जीडीपी में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी करीब 17% है। विरमानी ने कहा कि भारत ने उद्यमशीलता और स्टार्टअप के लिए गतिशीलता को बढ़ावा दिया है और इसके साथ सार्वजनिक क्षेत्र एवं संस्थागत सुधारों को भी कार्यरूप दिया है।

## प्रधानमंत्री की टिप्पणी से भाजपा और बीआरएस के बीच आपसी समझ की अफवाहों पर लगा विराम : जावड़ेकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रकाश जावड़ेकर ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी के बाद भाजपा एवं भारत राष्ट्र समिति के बीच रणनीतिक आपसी समझ होने की कांग्रेस द्वारा फैलायी गयी अफवाहों पर विराम लग गया है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के 2020 में राजग में शामिल होने के अनुरोध को उन्होंने खारिज कर दिया था।

तेलंगाना में सत्तारूढ़ बीआरएस द्वारा 2020 में राजग में शामिल होने के बारे में प्रदेश के मुख्यमंत्री के चंद्रशखर राव के अनुरोध को अस्वीकार किये जाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी के बाद कांग्रेस द्वारा फैलाई गई भाजपा और राज्य में सत्तारूढ दलके बीच गुप्त समझौते की अफवाहों पर विराम लग गया है। तेलंगाना में भाजपा के चुनाव प्रभारी जावड़ेकर ने कहा कि अब इस तरह की अटकलों पर विराम लग गया है। जावड़ेकर ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''इसके विपरीत, बीआरएस और कांग्रेस एक हैं। हमने इसे दसियों बार दिखाया है। हर कोई जानता है कि वे (बीआरएस और कांग्रेस) गठबंधन में कैसे थे, वे कैसे विलय करना चाहते थे, कैसे वह (मुख्यमंत्री केसीआर) केंद्र (की संप्रग सरकार) में कैबिनेट मंत्री थे।'' पूर्व केंद्रीय मंत्री ने अपने दावे के समर्थन में 2019 में कांग्रेस विधायकों के बीआरएस में जाने की ओर इशारा किया।

उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा आगामी तेलंगाना विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी को हरा देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि राजग में प्रवेश से इनकार किए जाने से निराश मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव और बीआरएस प्रधानमंत्री के राज्य के दौरे के दौरान उनकी अगवानी करने के लिए प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहे थे।

## मंत्रिमंडल ने तीन केंद्रशासित प्रदेशों के लिए किरायेदारी नियमों को मंजूरी दी

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंडमान और निकोबार, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव केंद्रशासित प्रदेशों के लिए किरायेदारी नियमों को मंजूरी दे दी है ताकि किसी परिसर को किराये पर देने के लिए एक जवाबदेह और पारदर्शी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के वास्ते एक कानूनी ढांचा प्रदान किया जा सके। सरकार की ओर से बुधवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई।

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने संविधान के अनुच्छेद 240 के तहत अंडमान और निकोबार द्वीप समूह किरायेदारी विनियमन, 2023, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव किरायेदारी विनियमन, 2023 तथा लक्षद्वीप किरायेदारी विनियमन, 2023 के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। बयान में कहा गया कि ये नियम मकान मालिक और किरायेदार दोनों के हितों व अधिकारों को संतुलित करके केंद्रशासित प्रदेशों में परिसर किराए पर लेने के लिए जवाबदेह व पारदर्शी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए कानूनी ढांचा प्रदान करेंगे।

## दिल्ली में कांग्रेस के 'पुराने दिन' बहुत जल्द लौटेंगे: लवली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने बुधवार को कहा कि वह कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच संवादहीनता दूर करने की दिशा में काम कर रहे हैं और राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी के पुराने दिन जल्द ही लौटेंगे। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में यह भी कहा कि पार्टी की प्रदेश इकाई के पुनर्गठन के उद्देश्य से नियुक्त समन्वयक जिला और प्रखंड स्तर पर कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं और उनकी चिंताओं को दूर कर रहे हैं।

लवली का कहना है, ''कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच एक तरह की संवादहीनता है। फिलहाल हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम उन कार्यकर्ताओं के साथ बैठें और उनकी समस्याओं एवं शिकायतों का समाधान करें। नवनियुक्त समन्वयक जमीन पर काम कर रहे हैं और कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के साथ बातचीत कर रहे हैं। उम्मीद है कि यह संवादहीनता जल्द खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा, ''राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी के पुराने दिन जल्द लौटेंगे।'' प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी संगठन के पुनर्गठन में मदद के लिए पिछले महीने दिल्ली के सभी सात लोकसभा क्षेत्रों के लिए समन्वयक नियुक्त किए थे। लवली ने दावा किया, ''हाल ही में दिल्ली कांग्रेस में शामिल हुए नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी में लौटने के लिए हमसे संपर्क किया था... कई अन्य नेता जिन्होंने पहले दलबदल किया था, वे भी जल्द ही पार्टी में लौटेंगें।'' दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी नवंबर से महत्वपूर्ण बैठकें करेगी और वह हर प्रखंड का दौरा करेंगे और सभी कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलेंगे।

## प्लास्टिक के खतरे से निपटने के लिए सरकार, उद्योग मिलकर काम करें: डीएमईओ प्रमुख

**नई दिल्ली/भाषा।** विकास निगरानी और आकलन कार्यालय (डीएमईओ) के महानिदेशक संजय कुमार ने बुधवार को कहा कि भारत समाज के सभी तबकों के साझा प्रयासों से ही प्लास्टिक प्रदूषण के खतरे से प्रभावी ढंग से निपट सकता है।

कुमार ने यहां गैर-सरकारी संगठन 'भारत सोका गक्कई' (बीएसजी) के 'प्लास्टिक को ना कहें' अभियान की शुरुआत पर कहा कि प्लास्टिक के खतरे से निपटने के लिए सरकार, उद्योग जगत और लोगों को मिलकर प्रयास करने होंगे। नीति आयोग से संबद्ध डीएमईओ को केंद्र सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं पहल के कार्यान्वयन की निगरानी और मूल्यांकन का दायित्व सौंपा गया है।



## केवल विधायक बनने के लिए चुनाव नहीं लड़ रहा हूं, मुझे भाजपा कुछ और बड़ी जवाबदारी देगी : विजयवर्गीय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंदौर/भाषा।** भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने बुधवार को कहा कि वह मध्यप्रदेश का आगामी विधानसभा चुनाव केवल विधायक बनने के लिए नहीं लड़ रहे हैं और पार्टी उन्हें ''कुछ और बड़ी'' जवाबदारी देगी।

विजयवर्गीय ने मध्य प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना को लेकर शहर में आयोजित कार्यक्रम में कहा,''मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि (आगामी विधानसभा चुनाव में) भारतीय जनता पार्टी की सरकार फिर से बनने वाली है। मैं केवल विधायक बनने नहीं आया हूं। मुझे पार्टी की ओर से कुछ और बड़ी जवाबदारी मिलेगी।'' उन्होने कहा,''मुझे जब बड़ी जवाबदारी मिलेगी, तो मैं बड़ा काम भी करूंगा। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हमने विकास किया है और हम आगे भी विकास करेंगे। विजयवर्गीय (67) ने अपने चुनाव अभियान के तहत एक अन्य कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दावा किया कि राज्य भर में अब तक ऐसा कोई अधिकारी पैदा नहीं हुआ है, जो फोन पर उनके द्वारा बताया गया काम न करे। उन्होंने कहा,''मैं पिछले 10-12 साल से इंदौर के मामलों में कम ही बोलता था क्योंकि मैं बाहर घूमता रहता था, पर जैसे ही भाजपा उम्मीदवार के रूप में मेरा नाम घोषित हुआ, तो आधे अधिकारियों की नींद उड़ गई है।''

प्रदेश में कांग्रेस की चुनाव प्रचार अभियान समिति के सह-अध्यक्ष जीतू पटवारी ने विजयवर्गीय के इस बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह एक बड़े नेता हैं, पर उन्हें छोटा चुनाव लड़ना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा महासचिव को उथली बयानबाजी से बचना चाहिए। मध्यप्रदेश के काबीना मंत्री रहे विजयवर्गीय, राज्य के भाजपा के उन वरिष्ठ नेताओं में शुमार हैं जिन्हें मुख्यमंत्री पद का दावेदार माना जाता रहा है। भाजपा ने 10 साल के अंतराल के बाद विजयवर्गीय को चुनावी टिकट दिया है। विजयवर्गीय ने इंदौर जिले की अलग-अलग सीटों से 1990 से 2013 के बीच लगातार 6 बार विधानसभा चुनाव जीता था। उन्होंने पिछला विस चुनाव 2013 में जिले की महू सीट से लड़ा था। इस चुनाव में उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी और कांग्रेस उम्मीदवार अंतर सिंह दरबार को 12,216 वोट से हराया था।

## भाजपा विपक्ष को डराने के लिए अपने 'दाहिने हाथ' ईडी का इस्तेमाल कर रही है: महबूबा



**जम्मू/भाषा।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के खिलाफ 'ब्लैकमेलिंग रणनीति' के तौर पर प्रवर्तन निर्देशालय (ईडी) का इस्तेमाल करने के आरोप लगाया। मुफ्ती ने बिहार के जाति आधारित सर्वेक्षण को भी सही ठहराते हुए कहा कि इससे पता चलेगा कि अतीत में गरीबों और पिछड़े लोगों को कितना फायदा हुआ।

पीडीपी ने कहा, यह (सरकार) हर मोर्चे पर नाकाम रही है। गरीब लोग जहर खाने की स्थिति में पहुंच गए हैं। इस हालत में, ईडी भाजपा का दाहिना हाथ बन गई है। यह (सरकार) विपक्ष का सामना करने में विफल रही है। सरकार 'इंडिया' गठबंधन से डरती है और ईडी का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, यह विपक्ष को डराने के लिए भाजपा की ब्लैकमेलिंग की रणनीति है।

ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में बुधवार सुबह आम आदमी पार्टी (आप) सांसद संजय सिंह के घर पर छापेमारी की। महबूबा ने कहा कि छापेमारी की कार्रवाई रोजगार सृजन, महंगाई को नियंत्रित करने और महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने सहित सभी मोर्चों पर भाजपा सरकार की नाकामियों से लोगों का ध्यान हटाने के लिए की गई है।

## जलवायु परिवर्तन की वजह से वैश्विक अवसंरचना को सालाना करीब 300 अरब डॉलर का हो रहा नुकसान : रिपोर्ट

**नई दिल्ली/भाषा।** कोअलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर (सीडीआरआई) की द्विवार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक प्राकृतिक आपदा और जलवायु परिवर्तन की वजह से मौजूदा समय में मूल अवसंरचना क्षेत्र को दुनिया में हर साल औसतन क्षति (एएएल) 301 से 330 अरब अमेरिकी डॉलर की हो रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक स्वास्थ्य, शिक्षा अवंसरचना और इमारतों को अगर इस नुकसान में जोड़ दिया जाए तो यह क्षति 732 से 845 अरब अमेरिकी डॉलर के करीब पहुंच जाती है जो 2021-2022 वित्तवर्ष के वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि का सातवां हिस्सा है। इसके मुताबिक इस नुकसान में भी करीब आधी क्षति निम्न एवं मध्यम आयवर्ग के देशों में होती है।

रिपोर्ट में कहा गया, ''निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों (एएमआईसी) को इस क्षति से बहु आयामी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वे पहले ही अवसंरचना की कमी का सामना कर रहे होते हैं जिसकी वजह से सामाजिक एवं आर्थिक विकास बाधित होता है। अवसंरचना प्रशासन में कमी की वजह से अवसंरचना की गुणवत्ता खराब होती है, ऐसे में आपदा की वजह से संपत्ति को नुकसान एवं क्षति, सेवाओं में अवरोध जलवायु परिवर्तन एवं प्रौद्योगिकी में बदलाव के कारण पैदा हुई चुनौतियों को और बढ़ा देते हैं।''

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सितंबर 2019 में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में सीडीआरआई की शुरुआत की थी। यह विभिन्न देशों, संगठनों और हितधारकों की अंतरराष्ट्रीय साझेदारी है जो आपदा खासतौर पर जलवायु परिवर्तन की वजह से आने वाली आपदा से निपटने के लिए लचीली अवसंरचना को प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित करता है।

## नवी मुंबई में अवैध रूप से रह रहा बांग्लादेशी परिवार गिरफ्तार

**ठाणे/भाषा।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में अवैध रूप से रह रहे एक बांग्लादेशी दंपति और उसके बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। नेरुल पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) की एक टीम ने सोमवार रात को छापेमारी के दौरान नेरुल इलाके की एक चॉल में तीन लोगों को देखा और उन्हें पकड़ लिया। अधिकारी ने बताया कि बांग्लादेशी व्यक्ति (43) और उसकी पत्नी (40) तथा उनके बेटे (25) के पास भारत में ठहरने से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं था। उन्होंने बताया कि नेरुल पुलिस ने भारतीय दंड संहिता के प्रासंगिक प्रावधानों, पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) नियमों और विदेशी अधिनियम के तहत तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# सहकारिता बैंक घोटाला: कांग्रेस ने वाम सरकार पर निवेशकों को धोखा देने का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल में करुवन्नूर सहकारिता बैंक में कोष के गबन के मामले पर वाम सरकार पर हमला करते हुए विपक्षी कांग्रेस ने मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पर उन लोगों की परेशानी का समाधान नहीं तलाशने का बुधवार को आरोप लगाया जिन्होंने अपनी जीवनभर की बचत वित्तीय संस्थान में जमा कराई थी। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि वाम सरकार बैंक का पैसा लूटने वाले और इस पैसे को साझा करने वालों को बचा रही है।

विधानसभा में विपक्ष के नेता वी.डी सतीशन ने यहां एक बयान में कहा कि सरकार ने आश्वासन दिया था कि घोटाले से प्रभावित कोई भी निवेशक अपना पैसा गंवाएगा नहीं लेकिन उन्हें ठगने की एक और कोशिश की गई है। सहकारिता मंत्री वी.एन वासवन ने मंगलवार को कोच्चि में कहा था कि करुवन्नूर बैंक के जमाकर्ताओं को जल्द से जल्द उनका पैसा वापस मिल जाएगा। इसके बाद बुधवार को सतीशन ने रेखांकित किया कि सरकार ने आश्वासन दिया है कि जिन लोगों ने बैंक में एक लाख रुपये तक जमा कराए थे, उन्हें करीब 50 हजार रुपये वापस मिल जाएंगे। विपक्ष के नेता ने कहा कि लेकिन सरकार उन लोगों को लेकर चुप है जिन्होंने सेवानिवृत्ति के लाभ या संपत्ति बेचकर लाखों रुपये बैंक में जमा कराए थे। उन्होंने करुवन्नूर बैंक में कम से कम 300 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया। उन्होंने त्रिशूर जिले की सहकारिता बैंकों में 500 करोड़ रुपये से ज्यादा की धोखाधड़ी का भी आरोप लगाया। वासवन ने मंगलवार को कहा था कि सरकार की ओर से घोषित पैकेज के तहत निवेशकों को 73 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा था कि अनियमितताओं के सरकार के संज्ञान में आते ही कड़ी कार्रवाई की गई और 18 मामले दर्ज किए गए। मंत्री ने कहा कि सतर्कता जांच भी जारी है और नौ सदस्यीय टीम द्वारा विशेष जांच भी शुरू की गई है। करोड़ों रुपये के करुवन्नूर बैंक घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले हफ्ते माकपा के एक स्थानीय नेता और वडक्कनचेरी नगर पार्षद पी.आर अरविंदाक्षन को गिरफ्तार किया था।

एजेंसी ने बैंक के एक पूर्व कर्मचारी सी.के जिल्स को भी गिरफ्तार किया, जिसने कथित तौर पर बैंक के पांच करोड़ रुपये की हेराफेरी की थी।

## निर्यात की अगुवाई में 2035 तक एक लाख करोड़ डॉलर पर पहुंचेगा भारतीय वाहन उद्योग : रिपोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय वाहन क्षेत्र में 2035 तक निर्यात की अगुवाई में एक लाख करोड़ डॉलर का उद्योग बनने की क्षमता है। एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई है।

आर्थर डी लिटिल की रिपोर्ट के अनुसार, वाहन उद्योग विनिर्माण, नवाचार और प्रौद्योगिकी में बढ़त के जरिये इस आकार को हासिल कर सकता है। आर्थर डी लिटिल के प्रबंधन भागीदार (भारत और दक्षिण एशिया) बार्निक चित्रन मैत्रा ने कहा कि भारत का वाहन उद्योग अंतरराष्ट्रीय बाजारों के अनुसार डिजायन, विकास और उत्पादन के मामले में वैश्विक केंद्र बन सकता है। उन्होंने कहा कि इसे पाने के लिए विभिन्न उद्योगों की कंपनियों को भरोसेमंद और प्रतिस्पर्धी वैश्विक विनिर्माण में अपनी क्षमता बढ़ानी होगी।

मैत्रा ने कहा, वाहन सॉफ्टवेयर और ईआरएंडडी (इंजीनियरिंग अनुसंधान और विकास) में भारत की ताकत जोनल आर्किटेक्चर और एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) जैसे उभरते रुझानों के अनुरूप समाधान पेश करके बढ़ सकती है।

# अन्नाद्रमुक ने पार्टी कार्यकर्ताओं की भावनाओं के सम्मान में राजग छोड़ा, कोई दूसरा कारण नहीं : पलानीस्वामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सेलम।** अखिल भारतीय अन्ना द्रमुक मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के प्रमुख ई.के. पलानीस्वामी ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी ने भाजपा नीत राजग से बाहर निकलने का निर्णय राज्य की 'घटनाओं' को लेकर अपने कार्यकर्ताओं की भावनाओं के सम्मान में लिया और इस गठजोड़ को तोड़ने का दूसरा कोई अन्य कारण नहीं है। मुख्यमंत्री ने यहां कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आलाकमान की ओर से काई दबाव नहीं था। उन्होंने मीडिया के एक धड़े की उन खबरों का भी खंडन किया जिसमें दावा किया गया है कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में सीट संबंधी भाजपा की मांग को लेकर दोनों दलों में मतभेद हो गया था।

उन्होंने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के गठन को 'नाटक' करार देते हुए कहा कि यह विरोधाभासी विचारों वाले दलों के एक साथ आने जैसा है और यह गुट आकार भी नहीं ले रहा है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के एक प्रमुख घटक दल आम आदमी पार्टी (आप) का हवाला दिया जिसने साल के अंत में होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की है, जबकि वहां पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने हैं।

एआईएडीएमके ने 25 सितंबर को पदाधिकारियों की बैठक में सर्वसम्मति से भाजपा को अलविदा कहने और 2024 में अपने स्वयं के समूह का नेतृत्व करने का फैसला किया। पलानीस्वामी ने उस बैठक को याद करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से बाहर निकलने का निर्णय पार्टी के सदस्यों द्वारा दो करोड़ पार्टी 'कार्यकर्ताओं' की भावनाओं से शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराने के बाद लिया गया।



एआईएडीएमके महासचिव ने कहा, यहां हुई घटनाओं ने हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं को आहत किया है। एक पार्टी कार्यकर्ता को पार्टी की सफलता और उसके कल्याण के लिए काम करना होता है और हमारा निर्णय पार्टी कार्यकर्ताओं की भावनाओं के सम्मान में है।

द्रविड़ नेता सीएन अन्नादुरई के बारे में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई की टिप्पणियों पर पूर्व सहयोगी भाजपा के साथ जुबानी जंग के परिणामस्वरूप एआईएडीएमके राजग से बाहर हो गई। पलानीस्वामी ने जोर देकर कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर से किसी भी तरह का 'कोई दबाव' नहीं था – चाहे वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हों, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हों या पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख जे पी नड्डा हों। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि अन्नाद्रमुक ने अन्नामलाई को बदलने की मांग नहीं की है।

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की ओर से राजग और एआईएडीएमके के बीच गठबंधन टूटने को नाटक' करार देने के जवाब में पलानीस्वामी ने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' नाटक है। पलानीस्वामी ने कहा कि एक तरफ बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कह रही हैं कि वहां कम्युनिस्टों के साथ कोई तालमेल नहीं है, तो केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन कहते हैं कि केरल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) कांग्रेस से हाथ नहीं मिलाने जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा ही मामला आप शासित पंजाब और दिल्ली में भी है। पलानीस्वामी ने एआईएडीएमके के नेतृत्व में एक बड़े 'गठबंधन' का भरोसा जताते हुए वर्ष 2024 के आम चुनाव और वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने की बात कही।

कर्नाटक के साथ कावेरी जल विवाद समेत कई मुद्दों को लेकर उन्होंने एमके स्टालिन नीत द्रमुक सरकार की अलोचना की। कोयंबटूर में मंगलवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से एआईएडीएमके के विधायकों की मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वे जनप्रतिनिधि के रूप में केवल अपना काम कर रहे थे।

# मानदंडों का उल्लंघन कर कुलपतियों की नियुक्ति अमान्य हो सकती है: यूजीसी ने तमिलनाडु को बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने तमिलनाडु के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर राज्य के विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति के लिए आयोग के अध्यक्ष के नामित व्यक्ति के बिना खोज-सह-चयन समितियों के गठन पर आपत्ति जताई है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

यूजीसी ने मद्रास विश्वविद्यालय के लिए कुलपति के चयन पर तीन लोगों की एक समिति की सिफारिश करने के लिए एक खोज समिति गठित करने के संबंध में तमिलनाडु सरकार के राजपत्र में 13 सितंबर की अधिसूचना का हवाला दिया है। यूजीसी ने आगाह किया है कि उच्च-शिक्षा नियामक के मानदंडों का उल्लंघन कर कुलपति की नियुक्ति 'अमान्य'' होगी और कानूनी जटिलताओं का कारण बन सकती है।

एक सूत्र ने कहा, 'यूजीसी ने गुजरात के सरदार पटेल विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति का जिक्र करते हुए पिछले साल के उच्चतम न्यायालय के फैसले की ओर इशारा किया है। न्यायालय ने कहा था कि कुलपतियों की नियुक्ति यूजीसी के लागू नियमों की अनदेखी करके नहीं की जा सकती, भले ही संबंधित राज्य अधिनियम यूजीसी नियमों द्वारा निर्धारित मानदंडों के मुकाबले कमजोर पात्रता मानदंड निर्धारित करता हो।'

तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि और राज्य की द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नीत सरकार के बीच कुलपतियों की नियुक्तियों को लेकर गतिरोध पैदा हो गया है। मौजूदा मुद्दा छह सितंबर को शुरू हुआ जब राज्यपाल ने तीन संस्थानों- मद्रास विश्वविद्यालय, कोयंबटूर में भारतियर विश्वविद्यालय और चेन्नई स्थित तमिलनाडु शिक्षक शिक्षा विश्वविद्यालय- में कुलपतियों की नियुक्ति के लिए तीन खोज-सह-चयन समितियों के गठन की घोषणा की।

उन्होंने यूजीसी अध्यक्ष की ओर से एक व्यक्ति को नामांकित करके समिति में चौथे सदस्य को भी शामिल किया। राज्य के उच्च शिक्षा विभाग ने 13 सितंबर को यूजीसी अध्यक्ष के नामित व्यक्ति को बाहर करके खोज-सह-चयन समिति के लिए एक अधिसूचना जारी की, जिसे राज्यपाल ने 'अनुचित कार्य' करार दिया और राज्य से अधिसूचना वापस लेने की मांग की।

मद्रास विश्वविद्यालय में चार महीने से और भारतियर विश्वविद्यालय और तमिलनाडु शिक्षक शिक्षा विश्वविद्यालय में नौ महीने से कोई कुलपति नहीं है।



# अन्नामलाई को आराम करने की सलाह, पदयात्रा पुनर्निर्धारित : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के. अन्नामलाई की 'एन मन एन मक्कल' पदयात्रा के अगले चरण को उनके खराब स्वास्थ्य के कारण पुनर्निर्धारित करने का फैसला किया गया है। भाजपा ने बुधवार को यह जानकारी दी। भाजपा की प्रदेश इकाई ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह पदयात्रा छह अक्टूबर को शुरू होने वाली थी, लेकिन अन्नामलाई के खराब स्वास्थ्य के कारण अब इसे 16 अक्टूबर तक के लिए टाल दिया गया है। चिकित्सकों ने अन्नामलाई को आराम करने की सलाह दी है।

भाजपा ने चेन्नई के एक अस्पताल की विज्ञप्ति साझा कर बताया कि अन्नामलाई को ब्रोंकोस्पज्म (अस्थमा) के साथ वायरल श्वसन संक्रमण हुआ है। अन्नामलाई को दो सप्ताह तक आराम करने की सलाह दी गयी है। अन्नामलाई खांसी, सांस लेने में कठिनाई, गले में दर्द, शरीर में दर्द और थकान की शिकायत होने के बाद मंगलवार को अस्पताल गए थे। हालांकि, भाजपा ने कहा कि बृहस्पतिवार को यहां होने वाली जिला अध्यक्षों की बैठक योजना के अनुसार होगी।

# 'नए मेडिकल कॉलेज खोलने पर प्रतिबंध से बनी 'प्रतिगामी स्थिति', रोक लगाई जानी चाहिए'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) की नए चिकित्सा कॉलेज खोलने पर प्रतिबंध लगाए जाने वाली अधिसूचना ने 'प्रतिगामी स्थिति' पैदा कर दी है और इसपर रोक लगाई जानी चाहिए। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को अधिसूचना को रोकने का निर्देश देने और मामले को हल करने के लिए परामर्शी प्रक्रिया को शुरू करने का आग्रह किया है।

स्टालिन ने कहा, 'मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि नए चिकित्सा कॉलेज खोलने पर प्रतिबंध लगाने वाली एनएमसी द्वारा जारी हालिया अधिसूचना ने प्रतिगामी स्थिति पैदा कर दी है। एनएमसी ने अधिसूचित किया है कि शैक्षणिक वर्ष 2023-2024 के बाद, नए मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए अनुमति पत्र केवल 50/100/150 सीटों की वार्षिक प्रवेश क्षमता वाले कॉलेजों को ही जारी किया जाएगा, जिसके लिए उन्हें (मेडिकल कॉलेजों को) उस राज्य या फिर केंद्र शासित प्रदेश में 10 लाख की आबादी पर 100 एमबीबीएस सीटों के अनुपात का पालन करना होगा।' मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अधिसूचना सभी राज्य सरकारों के अधिकारों का प्रत्यक्ष रूप से हनन है और उन लोगों के लिए दंड के समान हैं, जिन्होंने बीते वर्षों से अपनी जन स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे में ज्यादा से ज्यादा निवेश किया है।



# तमिलनाडु में करंट लगने एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले के अट्टूर के पास भारी बारिश होने के कारण बिजली का करंट लगने से एक गर्भवती महिला सहित परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई।

पुलिस ने कहा कि हादसा उस वक्त हुआ, जब लगातार बारिश होने के कारण घर की छत पर बिजली का तार टूटकर गिर गया और उसी दौरान, इंजीनियरिंग के तीसरे वर्ष का छात्र अश्विन अपने घर की ओर एक लंबी लोहे की छड़ ले जा रहा था, तभी गीली छत के संपर्क में छड़ के आने से वह करंट की चपेट में आ गया। उसकी चीख सुनकर बचाने गईं उसकी बड़ी बहन अथिरा (25) की भी करंट लगने से मौके पर मौत हो गई। बाद में, चित्रा की भी बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी। मृतकों के नाम चित्रा (47), उनकी आठ महीने की गर्भवती पुत्री अथिरा (23) और पुत्र अश्विन (19) हैं। तिरुवत्तार पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल ले गई। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने दर्दनाक हादसे में पीडित सोमराज के परिवार के तीन सदस्यों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और मुख्यमंत्री जन राहत कोष से सोमराज के परिवार को दो-दो लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की।

# अरुण अलगप्पन सिक्की के अध्यक्ष चुने गए



**चेन्नई।** कोरोमंडल इंटरनेशनल लि. के कार्यकारी वाइस चेयरमैन अरुण अलगप्पन यहां उद्योग निकाय सिक्की के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। चेन्नई स्थित सबसे पुराने उद्योग मंडलों में से एक, 'दक्षिणी भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' (सिक्की) की असाधारण बैठक में अलगप्पन को सर्वसम्मति से इसका अध्यक्ष चुना गया। विज्ञप्ति के अनुसार, कानून परामर्श सेवाएं देने वाली वीएनएस लीगल के संस्थापक वी एन शिव शंकर को सिक्की का वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया है। एएमपीए ग्रुप के अध्यक्ष एएमपीए पलानीअप्पन को संगठन का उपाध्यक्ष चुना गया है। चुनाव परिणाम की घोषणा चेन्नई में आज हुई बैठक में की गई।

# तमिलनाडु में पटाखा इकाई विस्फोट में चार की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मयिलादुथुराई जिले के तरंगमबाड़ी तालुक के थिलायाडी गांव में बुधवार को एक पटाखा निर्माण इकाई एवं गोदाम में विस्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब 15:30 बजे गोदाम एवं पटाखा बनाने वाली इकाई में आग लगने के बाद हुए विस्फोट में कई लोग घायल हो गए। प्रारंभिक रिपोर्टों में कहा गया है कि विस्फोट से गोदाम क्षतिग्रस्त हो गया। यह तुरंत पता नहीं चल सका कि मलबे के नीचे कितने लोग फंसे हुए हैं।

यहां पुलिस मुख्यालय में प्राप्त रिपोर्टों में कहा गया है कि विस्फोट में चार लोग मारे गए। घटना में घायल हुए लोगों की सही संख्या का पता लगाया जा रहा है। विस्फोट के बाद वहां भीषण आग लग गई, जिसने पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन सेवा कर्मी मौके पर पहुंचे और शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल ले गए।

अंतिम सूचना मिलने तक आग पर काबू पाने की कोशिशें जारी थीं। इस रामदास नाम की पटाखा इकाई में फैंसी और देशी पटाखे बनाए और बेचे जाते हैं।

# कर्नाटक में सूखे की स्थिति का आकलन करने के लिए केंद्रीय दल राज्य का दौरा करेगा

**बेंगलूरु।** कर्नाटक में सूखे की स्थिति का आकलन करने के लिए तीन केंद्रीय टीमें गुरुवार को राज्य का दौरा करेंगी। सूत्रों के मुताबिक, आकलन शुरू करने से पहले टीमें बेंगलुरु में मुख्यमंत्री सिद्दरामैया से मुलाकात करेंगी। टीमों का 9 अक्टूबर तक राज्य में रहने का शेड्यूल है। इस दौरान टीमें बेलगावी, विजयपुरा, बागलकोट, धारवाड़, चित्रदुर्गा, हावेरी, गदग, कोप्पल, विजयनगर, चिक्कबल्लापुरा, तुमकुरु और दावणगेरे जिलों में सूखे की स्थिति का आकलन करेंगी।

कर्नाटक सरकार ने राज्य के 195 तालुकों में सूखा घोषित कर दिया है। कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एचके. पाटिल ने कहा कि सूखे के कारण राज्य को 30,432 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। 39,039 लाख हेक्टेयर भूमि पर फसल का नुकसान हुआ है। बागवानी फसल को 2,655 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

कृषि मंत्री कृष्णा बायरेगौड़ा ने कहा कि कुल 195 तालुकों में से 161 गंभीर सूखे की स्थिति का सामना कर रहे हैं, 34 सामान्य और 40 बारिश की कमी का सामना कर रहे हैं। राज्य सरकार ने केंद्र से 6,000 करोड़ रुपये का पैकेज मांगा है।

# न्यूजक्लिुक पर दिल्ली पुलिस की छापेमारी केंद्र की निरंकुश मानसिकता को दर्शाती है : कांग्रेस

**बेंगलूरु।** न्यूजक्लिक पर दिल्ली पुलिस की छापेमारी को लेकर स्वास्थ्य मंत्री, तमिलनाडु और पुडुचेरी के एआईसीसी प्रभारी सचिव दिनेश गुंडू राव ने कहा कि दिल्ली पुलिस की छापेमारी केंद्र सरकार की निरंकुश मानसिकता का प्रतीक है। सोशल मीडिया पर राव ने कहा कि न्यूजक्लिक ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के विरोध में आंदोलन के दौरान केंद्र सरकार की विफलता को उजागर किया था और कृषि कानूनों पर रिपोर्टिंग की थी। उन्होंने कहा कि आलोचना के प्रति असहिष्णुता के परिणामस्वरूप केंद्र सरकार ने मीडिया हाउस पर छापे मारे थे।

राव ने कहा, 'केंद्र सरकार ने आज तक प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय जांच ब्यूरो और आयकर विभागों को राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। अब केंद्र उन मीडिया घरानों को निशाना बनाने के लिए एजेंसियों का दुरुपयोग कर रहा है जो उसकी कमियों को उजागर करते हैं।' उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का यह रुख कि वह निर्विवाद है और कोई भी उस पर सवाल नहीं उठा सकता, मीडिया पर छापे का नतीजा है। राव ने कहा, छापेमारी से डर पैदा करके मीडिया पर लगाम लगाने की केंद्र की रणनीति है। राव ने आगे कहा कि चुनाव नजदीक आने के कारण केंद्र कुछ मीडिया घरानों को निशाना बना रहा है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार सच्चे मीडिया संस्थानों द्वारा उजागर होने के डर से मीडिया घरानों को खत्म करने की कोशिश कर रही है।



# बेंगलूरु में सार्वजनिक शौचालयों का रखरखाव, अनुपालन रिपोर्ट दाखिल नहीं करने पर जुर्माना

**बेंगलूरु।** यहां सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव के लिए की गई कार्रवाई के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने में विफल रहने के बाद कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बुधवार को राज्य सरकार पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया। मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी. वराले और न्यायमूर्ति कृष्ण एस. दीक्षित की खंडपीठ ने यह भी आदेश दिया कि शहरी विकास विभाग के सचिव दो नवंबर को अगली सुनवाई पर व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित हों। बृहद् बेंगलूरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) ने शहर के एक एनजीओ 'लेट्ज़किट फाउंडेशन' द्वारा दायर जनहित याचिका की पिछली सुनवाई में एक रिपोर्ट दायर की थी।

बीबीएमपी को तीन सप्ताह के भीतर शहर में सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों की स्थिति पर एक व्यापक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया गया था। रिपोर्ट दाखिल करने के लिए बुधवार को और समय मांगा गया। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील पी. रमेश ने अदालत से कहा कि सरकार बेंगलुरु के नागरिकों के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैया अपना रही है। रिपोर्ट दाखिल करने में अधिकारियों की विफलता को गंभीरता से लेते हुए उच्च न्यायालय ने यह जुर्माना लगाया। आठ अगस्त को मामले की पिछली सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने बीबीएमपी को तीन सप्ताह का समय दिया था, उस समय भी निगम को चेतावनी दी गई थी कि यदि उसने आदेश का पालन नहीं किया तो कार्रवाई की जाएगी।

# कर्नाटक में हिंदुओं का अपमान नहीं करेंगे बर्दाश्त : भाजपा

**बेंगलूरु।** कर्नाटक भाजपा ने कहा है कि वह हिंदुओं को अपमानित करने की कांग्रेस सरकार की नीति को बर्दाश्त नहीं करेगी और मुंहतोड़ जवाब देगी। भाजपा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल ने बेंगलुरु में भाजपा मुख्यालय में अरविंद बेलाड और पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सीटी. रवि के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, 'हिंदुओं को भड़काओ मत, तलवार या चाकू से हिंदुओं को डराने की कोशिश मत करो, उचित जवाब दिया जाएगा। यदि हिंदुओं पर अनिवार्य रूप से आक्रमण होगा तो उन्हें भी बचाव एवं आक्रमण करना होगा। आप सोचते हैं कि हिंदू हर समय सहिष्णु रहेंगे तो यह मूर्खता है।'




यतनाल ने कांग्रेस से पूछा कि वह कितने मुकदमे और गुंडा एक्ट दर्ज करा सकती है? उन्होंने कहा, 'क्या कर्नाटक में बीजेपी दोबारा सत्ता में नहीं लौटेगी? आप सांप्रदायिक झड़पों के आरोपियों के खिलाफ मामले वापस लेना चाहते हैं, क्या भाजपा के सत्ता में वापस आने पर उन्हें फिर से नहीं खोला जा सकता?' उन्होंने कहा कि पुलिस एसपी पर भी हमला किया गया और पुलिस पर पथराव किया गया। उन्होंने पूछा कि पुलिस को स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने की अनुमति क्यों नहीं दी गई? उन्होंने आगे कहा, ऐसी स्थिति में राज्य पुलिस को कैसे काम करना चाहिए? क्या आप केवल मुस्लिम वोटों से सत्ता में आये हैं? सिद्दरामैया सरकार कर्नाटक को जम्मू कश्मीर और केरल की तरह मुस्लिम राज्य बनाने की कोशिश कर रही है।

यतनाल ने कहा, 'मैंने 12 गणेश उत्सव कार्यक्रमों में भाग लिया था। मुधोल शहर में लगभग 70,000 लोग एकत्र हुए लेकिन पथराव की एक भी घटना सामने नहीं आई। न तो तलवारें और चाकू दिखाए गए और न ही नारे लगाए गए। लेकिन, ईद मिलाद का जश्न जो शांति का संदेश देने वाला था, उसे हिंदुओं पर हमला करने के बहाने के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। यह सरकार हिंदुओं की रक्षा कैसे करेगी? उन्होंने कहा कि जब बात सनातन की होती है तो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, उनके बेटे और आईटी, बीटी मंत्री प्रियांक खरगे ऐसे बयानों का बचाव करने में हमेशा आगे रहते हैं। लेकिन, अब वे अचानक गायब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में हो रही घटनाओं से यह सवाल उठ रहा है कि हिंदुओं की रक्षा कौन करेगा। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस की जीत के बाद गाय का सिर काटकर मंदिरों के सामने रखा जा रहा है।'' पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सी.टी. रवि ने कहा कि कांग्रेस सरकार की मंशा खराब है। विधानसभा चुनाव के नतीजों के समय बेलगावी में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए। भटकल में एक मुस्लिम का लेख भी सामने आया, जिसमें कहा गया है कि हिंदुओं के शवों को साफ करने के लिए लोग उपलब्ध नहीं होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जब बेलगावी में जैन संत की निर्मम हत्या की घटना हुई तो सत्तारूढ़ दल के मंत्रियों ने संदेहास्पद आचरण किया। रवि ने कहा, 'टी. नरसिपुरा में टी. वेणुगोपाल युवा ब्रिगेड के एक कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई और नतीजों के एक दिन बाद बेंगलूरु के होसकोटे में बीजेपी कार्यकर्ता कृष्णप्पा की हत्या कर दी गई।' धारवाड़ में कांग्रेस की जीत के जश्न के दौरान भरतेश नाम के शख्स को चाकू मार दिया गया। यादगीर में बीजेपी कार्यकर्ता श्रीनिवास की हत्या कर दी गई। हासन में डर पैदा करने के लिए पिस्तौल लेकर घूमते हैं, सकलेशपुरा में गाय का सिर फोड़ दिया। बागलकोट में स्ट्रीट लाइटें बंद कर दी गईं और बीजेपी कार्यकर्ताओं पर हमला किया गया। उन्होंने कहा, शिवमोग्गा में मौलिक तत्वों को खुली छूट दी गई है और सिद्दारमैया के पहले कार्यकाल के दौरान सरकार ने टीपू जयंती मनाई थी।

सीटी रवि ने कहा कि टीपू सुल्तान के साथ-साथ औरंगजेब का भी महिमामंडन किया जाता है। शिवमोग्गा में पुलिस पर पत्थरों से हमला किया गया और राज्य के गृह मंत्री ने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है। उन्होंने आगे कहा, ''बेंगलूरु में डीजे हल्ली-केजी हल्ली हिंसा में, कांग्रेस विधायक का घर जला दिया और 200 से अधिक घर और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हुब्बल्ली में दंगा और पुलिसकर्मियों पर हमले में 12 मामले दर्ज हैं। कांग्रेस विधायक तनवीर सैत ने बेंगलूरु दंगा मामले वापस लेने के लिए सरकार को पत्र लिखा था, जबकि उपमुख्यमंत्री डीके. शिवकुमार ने हुब्बल्ली हिंसा से जुड़े मामले वापस लेने के लिए पत्र भी लिखा था। रवि ने कहा, ''कांग्रेस नेताओं द्वारा बुनियादी तत्वों को स्पष्ट रूप से प्रोत्साहित किया जाता है।'' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मुसलमानों को वापस देने की बात करते हैं। उन्होंने मुसलमानों के विकास के लिए 10,000 करोड़ रुपये का फंड देने का वादा किया।

# भाजपा शरारत करने और सांप्रदायिक हिंसा भड़काने में संलिप्त : रामलिंगा रेड्डी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रेड्डी ने आरोप लगाया कि राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा समाज में दरार पैदा करने के लिए भड़का रही है सांप्रदायिक हिंसा**

**बेंगलूरु।** कर्नाटक के मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर 'शरारती कृत्य करने' में संलिप्त होने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा समाज में दरार पैदा करने के लिए सांप्रदायिक हिंसा भड़का रही है। रेड्डी के बयान पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की नाकामियों को छिपाने के लिए वह राजनीति' कर रहे हैं।

जिला मुख्यालय शहर शिवमोग्गा में रविवार को धार्मिक जुलूस के दौरान भड़की हिंसा पर प्रतिक्रिया देते हुए कर्नाटक के परिवहन मंत्री रेड्डी ने कहा, जब भाजपा सत्ता में नहीं रहती है तब उपद्रव करने, समाज में दरार पैदा करने, सांप्रदायिक हिंसा भड़काने और कांग्रेस के खिलाफ दुष्प्रचार करने में संलिप्त रहती है। यह उसकी शुरुआत से ही आदत रही है। रेड्डी ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि जब भाजपा सत्ता में रहती है तो नैतिक पुलिसिंग, तनाव पैदा करने और सांप्रदायिक हिंसा में शामिल रहती है। उन्होंने कहा, 'भाजपा कार्यकर्ता अपना वेश एवं नाम बदलकर उपद्रव में शामिल है। यह उसकी (भाजपा के)जन्म से प्रकृति रही है, यह उनके खून में है।' पुलिस ने कहा कि शिवमोगा के रागी गुड्डा इलाके में रविवार शाम को ईद मिलाद के जुलूस पर कथित तौर पर पथराव होने के बाद निषेधाज्ञा लागू कर दी गई थी और अब वहां स्थिति शांतिपूर्ण एवं नियंत्रण में है।

रेड्डी के आरोपों पर पलटवार करते हुए भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि रेड्डी का आरोप पूरी तरह से शरारतपूर्ण और भ्रामक है। बोम्मई ने कहा, ''जो लोग सरकार में हैं और उनके पास दंगाइयों को गिरफ्तार करने एवं कार्रवाई करने की शक्ति है, अगर ऐसे लोग इस तरह से क्लीनचिट देंगे तो ऐसी घटनाएं पूरे राज्य में होंगी...अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए राजनीतिक बयान दिए जा रहे हैं।''




# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजनीति की संस्कृति बदली : जे.पी. नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजनीति की संस्कृति बदल दी है और रिपोर्ट कार्ड की राजनीति शुरू की है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों का मकसद केवल लूट, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण करना है। वह यहां बिड़ला ऑडिटोरियम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा,प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति की संस्कृति बदली है। कांग्रेस पार्टी ने लंबे समय तक राज किया। लेकिन उसका राज ऐसा था कि वादे करो, फिर उसे भूल जाओ तथा जनता से नए और लुभावने वादे कर अगले चुनाव में खड़े हो जाओ। यही संस्कृति थी। लेकिन मोदी जी ने इस संस्कृति को बदला और रिपोर्ट कार्ड की राजनीति शुरू की। नड्डा ने कहा, (हमने) जो कहा है, वह करेंगे । अब तो यह संस्कृति आ गई है कि (हमने) जो कहा, वह तो किया ही, जो नहीं कहा, वह भी करके दिया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा,हमने कहा था कि हम मंदिर वहीं बनाएंगे। लेकिन हमारे विरोधी कहते थे कि तिथि कब बताएंगे? अब मैं उनसे कहता हूं कि जनवरी में उद्घाटन है, आप जरूर आएं। भाजपा नेता ने कहा कि इसलिए सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण-- ये भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जुड़े हुए हैं।

उन्होंने कहा, उनका (कांग्रेस का) मकसद है-- सरकार में आओ और लूटो, भ्रष्टाचार करो, भाई को भाई से लड़ाओ... तुष्टिकरण को आगे बढ़ाओ। लेकिन हमारा उद्देश्य प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, शोषित, दलित, महिला, युवा और किसानों को ताकत और मजबूती देने का है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा , भाजपा जब कोई संकल्प (घोषणा) पत्र निकालती है, तो वह केवल राजनीतिक दस्तावेज ही नहीं होता बल्कि वह हमारा आगे कार्य करने का लक्ष्य होता है, जिसको हम करते हैं।

नड्डा ने राजस्थान में भाजपा की संकल्प पत्र समिति ने जनता के सुझाव एकत्रित करने के लिए आपणो राजस्थान सुझाव आपका संकल्प हमारा कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने राज्य के अलग-अलग जगहों के लिए रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पार्टी के चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी, पार्टी के राजस्थान प्रभारी अरूण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ एवं उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया भी मौजूद थे।

## माउंट आबू में पर्यटक जंगल सफारी का आनंद ले सकेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

माउंट आबू। राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थल माउंट आबू में देश विदेशों से आने वाले सैलानी भी अब जंगल सफारी का आनंद ले सकेंगे। वन पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन मंत्री हेमाराम चौधरी ने माउंट आबू वन्यजीव अभ्यारण्य के ट्रेवर्सटेंक क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में वाइल्डलाइफ जीप सफारी का बुधवार को उदघाटन किया। वर्चुअल के जरिए कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री चौधरी ने कहा कि जंगल सफारी से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। जिससे आने वाले समय में पर्यटकों की आवक में वृद्धि होने से नागरिकों को बहुत लाभ मिलेगा। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े हुए लोग भी सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे।

सांसद देवजी भाई पटेल ने कहा कि जंगल सफारी से पर्यटन को पंख लगेंगे। नागरिकों की आजीविका बढने से जीवनस्तर में सुधार होगा। जंगल सफारी के लिए सांसद कोटे से वाहन मुहैया कराया जायेगा। पूर्व की घटनाओं से सबक लेते हुए सावचेत रहना चाहिए। वहीं पर्यटको के लिए भारी भरकम राशि का जो टोल लगाया गया है उसमें कमी की जानी चाहिए। मिन्नी नक्की लेक का विकास भी जरूरी है।




## राजस्थान विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच : सचिन पायलट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने बुधवार को कहा कि राजस्थान के विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच होगा। राज्य में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

पायलट ने टोंक में संवाददाताओं से कहा,मूलत: राजस्थान में चुनाव दो पार्टियों-भाजपा और कांग्रेस के बीच में होता है। बाकी छोटे दल पहले भी चुनाव लड़ते आये हैं आज भी चुनाव लड़ेंगे, शायद भविष्य में भी लड़ेंगे। लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस में होगा।

उन्होंने कहा साढ़े चार साल तक भाजपा का जो रवैया मैंने देखा है, उससे लगता है कि वह बिल्कुल आराम की नींद सो रही थी, उसने जनता की आवाज बनने की कोशिश भी नहीं की । जनता भी समझ रही है कि अब चुनाव करीब है इसलिये भाजपा की ओर से आक्रोश यात्रा, परिवर्तन यात्रा, संकल्प यात्रा जैसी यात्राएं निकाल जा रही हैं लेकिन जनहित की कोई बात नहीं कर रहा। उन्होंने कहा कि बीते पांच साल में भाजपा ने वैकल्पिक व्यवस्था की कोई परियोजना जनता के सामने प्रस्तुत नहीं की है.. कोई रोड मैप तैयार नहीं किया और चुनावी रणनीति के मोर्चे पर भी कांग्रेस भाजपा से बहुत आगे है, इसलिए उन्हें पूरा विश्वास है कि न सिर्फ इस जिले में बल्कि समूचे राजस्थान में कांग्रेस पार्टी को अच्छा बहुमत मिलेगा।

कांग्रेस नेता ने नोटबंदी, जीएसटी, कालाधन मामले में केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा केन्द्र सरकार ने बहुत सारे वायदे किये .. स्वच्छ इंडिया, स्टेंड अप इंडिया,मेड इन इंडिया.. लेकिन धरातल पर वे नहीं उतर पाये और आज किसान परेशान हैं, नौजवान चिंतित हैं। पायलट ने कहा, इसलिये जनता परिवर्तन चाहती है और परिवर्तन की शुरूआत हो चुकी है। जिन चार राज्यों में जो चुनाव होंगे वहां पर भाजपा निश्चित रूप से हारेगी और 2024 का लोकसभा चुनाव बहुत निर्णायक चुनाव होगा।

दिल्ली में कुछ पत्रकारों के खिलाफ कार्रवाई पर पायलट ने कहा कि यह स्वस्थ परंपरा नहीं है। उन्होंने कहा,पत्रकारों को जिस प्रकार से डराने एवं धमकाने की कोशिश की गई है, मैं उसकी निंदा करता हूं।

मेरा मानना है कि स्वतंत्र वातावरण में सब लोगो पत्रकारिता करने की आजादी होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बार-बार राजस्थान दौरों पर पायलट ने कहा प्रधानमंत्री लगातार आ रहे है और राज्य की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगा रहे हैं। वह एक बार भी यह नहीं कह रहे हैं कि पिछले नौ साल के कार्यकाल में उन्होंने राजस्थान के लिये ऐसा क्या विशेष किया है।



# मोदी आज जोधपुर में पांच हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को फिर राजस्थान दौरे पर आएंगे और इस दौरान जोधपुर में लगभग पांच हजार करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का शिलान्यास एवं जनसभा को संबोधित करेंगे । मोदी पूर्वाह्न करीब ग्यारह बजकर 15 मिनट पर प्रधानमंत्री जोधपुर में सड़क, रेल, विमानन, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों की लगभग पांच हजार करोड़ रुपये लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। मोदी राजस्थान में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं के तहत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जोधपुर में 350 बिस्तरों वाला 'ट्रॉमा सेंटर और क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक' और पूरे राजस्थान में प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के तहत सात क्रिटिकल केयर ब्लॉक विकसित किए जाएंगे।

एम्स जोधपुर में 'ट्रॉमा, इमरजेंसी और क्रिटिकल केयर' के लिए एकीकृत केंद्र 350 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया जाएगा। इसमें ट्राइएज, डायग्नोस्टिक्स, डे केयर, वार्ड, निजी कमरे, मॉड्यूलर ऑपरेटिंग थिएटर, गहन चिकित्सा कक्ष और डायलिसिस कक्ष जैसी विभिन्न सुविधाएं शामिल होंगी। यह रोगियों को बहु-विषयक और व्यापक देखभाल प्रदान करके ट्रॉमा और आपातकालीन मामलों के प्रबंधन में एक समग्र दृष्टिकोण लाएगा। समूचे राजस्थान में विकसित किए जाने वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक्स से राज्य के लोगों को जिला स्तर पर क्रिटिकल केयर अवसंरचना का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री जोधपुर हवाई अड्डे पर अत्याधुनिक नई टर्मिनल बिल्डिंग की आधारशिला भी रखेंगे। कुल 480 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली नई टर्मिनल बिल्डिंग लगभग 24,000 वर्गमीटर क्षेत्र में विकसित की जाएगी और व्यस्त समय के दौरान 2,500 यात्रियों को सेवाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह सुसज्जित होगी। यहां साल भर में 35 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान की जा सकेगी, जिससे कनेक्टिविटी में सुधार होगा और क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

मोदी आईआईटी जोधपुर परिसर भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। यह अत्याधुनिक परिसर 1135 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है, जो आधुनिक अनुसंधान और नवाचार पहलों से युक्त उच्च गुणवत्ता वाली समग्र शिक्षा प्रदान करने और बुनियादी ढांचे के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में बुनियादी ढांचे के उन्नयन के लिए नवविकसित 'केंद्रीय उपकरण प्रयोगशाला', स्टाफ क्वार्टर और 'योग और खेल विज्ञान भवन' राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वह राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में केंद्रीय पुस्तकालय, 600 छात्रों की क्षमता वाले छात्रावास और छात्रों के लिए भोजन कक्ष की सुविधा की भी आधारशिला रखेंगे।

राजस्थान में सड़कों के बुनियादी ढांचे में सुधार लाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री एनएच-125ए पर जोधपुर रिंग रोड के कारवाड़ से डांगियावास खंड को चार लेन बनाने सहित कई सड़क विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इनमें जालोर (एनएच-325) के रास्ते बालोतरा से सांडेराव खंड के प्रमुख शहरी भागों को जोड़ने के लिए सात बाईपास का निर्माण और एनएच-25 के पचपदरा-बागुंडी खंड को चार लेन बनाने की परियोजना शामिल हैं। ये सड़क परियोजनाएं लगभग 1475 करोड़ रुपये की संचयी लागत से बनाई जाएंगी। जोधपुर रिंग रोड से शहर में यातायात का दबाव कम करने और वाहन प्रदूषण में कमी लाने में मदद मिलेगी। परियोजनाएं क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार करने के साथ-साथ, व्यापार को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन और आर्थिक विकास में भी मदद करेंगी। मोदी राजस्थान में दो नई ट्रेन सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाएंगे। इनमें जैसलमेर को दिल्ली से जोड़ने वाली एक नई ट्रेन - रुणिचा एक्सप्रेस और मारवाड़ जंक्शन को खांबली घाट से जोड़ने वाली एक नई हेरिटेज ट्रेन शामिल हैं। रुणिचा एक्सप्रेस जोधपुर, डेगाना, कुचामन सिटी, फुलेरा, रींगस, श्रीमाधोपुर, नीम का थाना, नारनौल, अटेली, रेवाड़ी से होकर गुजरेगी, जिससे राष्ट्रीय राजधानी से सभी शहरों की कनेक्टिविटी में सुधार होगा। मारवाड़ जंक्शन-खांबली घाट को जोड़ने वाली नई हेरिटेज ट्रेन पर्यटन को बढ़ावा देगी और क्षेत्र में रोजगार पैदा करेगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री दो अन्य रेल परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे जिनमें 145 किमी लंबी 'डेगाना-राय का बाग' रेल लाइन और 58 किमी लंबी 'डेगाना-कुचामन सिटी' रेल लाइन के दोहरीकरण की परियोजनाएं शामिल हैं।



## भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने मोती डूंगरी गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को यहां विख्यात मोती डूंगरी गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना की। नड्डा पार्टी का एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए यहां पहुंचे। जयपुर हवाई अड्डे पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और अन्य लोगों ने नड्डा का स्वागत किया, जहां से वह मंदिर गए और पूजा-अर्चना की। भाजपा प्रमुख के साथ इस दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, विधायक कालीचरण सराफ भी मौजूद थे। इसके बाद पार्टी अध्यक्ष बिड़ला ऑडिटोरियम के लिए रवाना हो गए जहां वह पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे और राज्य के अलग-अलग जगहों के लिए 51 रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

भाजपा संकल्प पत्र समिति ने जनता के सुझाव एकत्रित करने के लिए आपणो राजस्थान सुझाव आपका संकल्प हमारा कार्यक्रम बनाया है जिसके तहत यह रथ विभिन्न इलाकों में जाकर लोगों के सुझाव एकत्रित करेंगे।

## सड़क हादसे में बस के चालक परिचालक सहित तीन की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में भरतपुर जिले के चिकसाना थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक बस सड़क पर खडे ट्रेलर (ट्रक) से जा टकराई जिससे बस चालक, परिचालक सहित तीन की मौत हो गई जबकि 24 अन्य लोग घायल हो गये। थानाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि जयपुर-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर पत्थरों से भरा ट्रेलर खराब होने के कारण खडा था, इसी दौरान झुंझुनूं से ग्वालियर जा रही एक 'स्लीपर' बस उससे टकरा गई जिससे बस चालक कमलेश (40), परिचालक विजेन्द्र सिंह (38) और एक यात्री बंटी (22) की मौत हो गई जबकि 24 अन्य यात्री घायल हो गये। उन्होंने बताया कि 20 यात्रियों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जबकि चार यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये तथा ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

## राजस्थान में 1.06 करोड़ परिवारों को एक अतिरिक्त अन्नपूर्णा फूड पैकेट मिलेगा

जयपुर। राजस्थान में मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के तहत पात्र परिवारों को अक्टूबर-नवम्बर में खाद्य सामग्री का एक अतिरिक्त किट मिलेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसके लिए लगभग 360 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी है। दीपावली एवं अन्य त्योहारों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने हाल में अपने जोधपुर दौरे के दौरान यह घोषणा की थी। गहलोत के इस निर्णय से राज्य के लगभग 1.06 करोड़ परिवारों को 15 अक्टूबर और 15 नवंबर, 2023 के बीच दिये जाने वाले नियमित फूड पैकेट के अतिरिक्त एक अतिरिक्त किट मिलेगा।



## राज्यपाल मिश्र ने विद्यार्थियों से संविधान संस्कृति के बारे में किया संवाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारत दर्शन यात्रा के तहत कश्मीर घाटी के 26 विद्यार्थियों ने बुधवार को राजभवन में संविधान उद्यान का भ्रमण किया। उन्होंने राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात कर संविधान निर्माण और उसे लागू किए जाने की यात्रा के विभिन्न चरणों पर संवाद भी किया। राज्यपाल मिश्र ने इस दौरान कहा कि संविधान देश का सर्वोच्च विधान है। इसका आरंभ हम भारत के लोग की उद्दात दृष्टि से होता है। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता से परिपूर्ण भारत की धरती सभी को मिलकर रहने की सीख देती है। उन्होंने संविधान प्रदत्त अधिकारों के साथ कर्तव्यों की पालना के लिए भी सभी को सजग रहने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने मूल संविधान की प्रति में उकेरे गए चित्रों, संविधान की धाराओं, संविधान में समान नागरिक संहिता आदि के बारे में भी बच्चों को जानकारियां दी। इससे पहले सीमा क्षेत्र पर कार्यरत सेना की 21 वीं बटालियन के नजूद्दीन खान ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। शिक्षक हुमेरा शाहिद ने राजभवन में संविधान उद्यान को अभूतपूर्व बताते हुए कहा कि यह संविधान का साक्षात दर्शन है। बच्चों को इससे संविधान की सहज समझ होती है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंदराम जायसवाल भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि सीमा क्षेत्र पर कार्यरत सुरक्षाबलों द्वारा नागरिक क्रियान्वयन कार्यक्रम के तहत 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक श्रीनगर से जैसलमेर की यात्रा पर इन बच्चों को लाया गया है। कश्मीर घाटी के विद्यालयों में अध्ययनरत 26 विद्यार्थियो, शिक्षक, सेना अधिकारियों सहित 30 सदस्यीय दल इस समय भारत दर्शन की यात्रा पर राजस्थान में हैं।

## प्रदेश में रेबीज उन्मूलन हेतु स्टेट एक्शन प्लान लॉन्च

जयपुर। अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती शुभ्रा सिंह ने बुधवार को शासन सचिवालय में प्रदेश में वर्ष 2030 तक रेबीज उन्मूलन के लिए स्टेट एक्शन प्लान लॉन्च किया। श्रीमती सिंह ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक सर्वे अनुसार देश में प्रतिवर्ष लगभग 20 हजार लोगों की रेबीज से मृत्यु हो जाती है। इनमें 91.5 प्रतिशत कुत्तों के काटने से होती है। इस प्लान के अनुसार राज्य, जिला एवं स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों की अध्यक्षता में विभिन्न सहयोगी विभागों की समन्वय समिति गठित होगी और रेबीज रोग के कारणों पर नियंत्रण व जनजागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी तथा चरणबद्ध तरीके से रेबीज उन्मूलन किया जायेगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि प्रथम चरणमें सामाजिक जागरूकता, डेटा कलेक्शन, कॉल सेंटर की स्थापना, पैरामेडिकल एवं पैरावेटेनरीज को प्रशिक्षित करना, जिला स्तर पर एक्शन प्लान बनाना, वैक्सीन की उपलब्धता एवं श्वानों का टीकाकरण किया जायेगा। द्वितीय चरण में रेबीज की जांच के लिए सर्विलांस सिस्टम को मजबूत करना, पालतू जानवरों का पंजीकरण, जिन जानवरों से रेबीज होता है उनकी गणना एवं रेबीज मुक्त जोन बनाये जाने हैं।

## विद्युत समस्याओं का हो त्वरित समाधान : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को फील्ड में जाकर कार्य करने और प्रभावी मॉनिटरिंग कर प्रदेश में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य के समस्त विद्युत सर्कल आपस में समन्वय कर संसाधनों का प्रभावी उपयोग करें जिससे बिजली आपूर्ति में कोई व्यवधान न आए।मुख्य सचिव बुधवार को शासन सचिवालय में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। श्रीमती शर्मा ने अभियंताओं को पूरी गंभीरता के साथ कार्य करने और उन्हें विद्युत आपूर्ति में आ रही समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य के प्रति लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर उचित कार्यवाही भी की जाए। श्रीमती शर्मा ने प्रदेश में विभिन्न स्रोतों के माध्यम से उत्पादित हो रही बिजली की विस्तृत समीक्षा भी की। उर्जा विभाग के प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए सावंत ने मुख्य सचिव को अवगत कराया कि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न स्तरों पर टीमों का गठन किया गया है। राज्य के विभिन्न सर्कलों के अधिकारियों को आपस में इन टीम के सदस्यों के साथ समन्वय कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

## मैं व्यक्तिगत तौर पर जातिगत जनगणना का विरोधी नहीं हूं: केशव प्रसाद मौर्य



**प्रयागराज/भाषा।** बिहार सरकार की ओर से जातिगत जनगणना की रिपोर्ट जारी किए जाने के बीच उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को कहा कि वह व्यक्तिगत तौर पर ऐसी जनगणना के विरोधी नहीं हैं, लेकिन जो लोग इसके नाम पर वोट बैंक तैयार करने के ख्वाब देख रहे हैं, उनका ख्वाब मुंगेरी लाल का हसीन सपना बनकर रह जाएगा। यहां संवाददाता सम्मेलन में मौर्य ने कहा, ये विपक्षी दल जब सत्ता में थे तब उन्होंने गरीबों, पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के लिए कुछ नहीं किया । अब सत्ता में आने के लिए वे ये सारे प्रयोग कर रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, सत्ता से बेदखल होने के बाद यह सारा प्रयोग सत्ता में आने के लिए है। भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे हुए ये परिवारवादी राजनीतिक दल केवल एक सूत्री एजेंडा चला रहे हैं। अगर 2024 में तीसरी बार मोदी सरकार बन जाएगी तो इन लोगों के खिलाफ जो अभी जांच की प्रक्रिया चल रही है, वह पूरी हो जाएगी और सजा मिलने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

वर्ष 2025 में यहां लगने वाले महाकुम्भ मेले की तैयारी को लेकर हुई समीक्षा बैठक की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि प्रयागराज में रिंग रोड के तीन चरण की निविदा की प्रक्रिया पूरी हो गई है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में अंत्येष्टि संस्कार के लिए दारागंज घाट, रसूलाबाद घाट, छतनाग घाट और अन्य घाटों में शवदाह सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक समिति बनाई जाएगी जो इसकी कार्ययोजना तैयार करेगी। मौर्य ने कहा, कुम्भ की परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

# सबकी समस्या का समाधान करने को सरकार प्रतिबद्ध: योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गोरखपुर/वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार तीसरे दिन जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि उनकी सरकार जनता की हर समस्या के समाधान को प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर परिसर में बुधवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि किसी के साथ अन्याय या अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे सुनिश्चित करें कि हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जमीन



आदित्यनाथ ने कहा कि प्रशासन का यह मंत्र होना चाहिए कि मनमानी किसी की नहीं चलेगी और न्याय सबको मिलेगा। अपराध से संबंधी शिकायतों पर पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश

कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो तथा प्रशासन का यह मंत्र होना चाहिए कि मनमानी किसी की नहीं चलेगी और न्याय सबको मिलेगा।

योगी कुर्सियों पर बैठे लोगों तक खुद गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को सुना और समझा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं । प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराएं। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।



## बंगाल में बाढ़ के कारण 10,000 लोगों को सुरक्षित निकाला गया : ममता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में बाढ़ जैसे हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए बुधवार को कहा कि बाढ़ प्रभावित इलाकों से 10,000 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है तथा उन्हें राज्य के दक्षिणी और उत्तरी हिस्सों के नौ जिलों में स्थापित 190 राहत शिविरों में रखा गया है। पश्चिम बंगाल की उत्तरी सीमा सिक्किम से लगी है। सिक्किम में आज सुबह तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आ गई थी।

ममता बनर्जी ने कहा कि जलपाईगुड़ी जिले में तीस्ता बैराज क्षेत्र के पास तीन अज्ञात शव मिले हैं। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि सभी मृतक सिक्किम के हो सकते हैं। पैर की चोट से उबर रहीं बनर्जी ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से घर से 24 घंटे स्थिति पर नजर रख रही हैं। उन्होंने घोषणा की कि राज्य में बाढ़ की स्थिति को नियंत्रित करने के उपाय के तहत कई सरकारी अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। बैठक में स्थिति का जायजा लेते मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव एचके द्विवेदी व गृह सचिव बीपी गोपालिका को तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों की टीम बाढ़ प्रभावित इलाकों में भेजने को कहा। उन्होंने कहा, हमने पहले ही बाढ़ प्रभावित जिलों के निचले इलाकों से 10,000 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया है।

## शरद पवार की सहमति से 2019 में महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लगाया गया : फडणवीस



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि राकांपा अध्यक्ष शरद पवार की सहमति से 2019 में प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। भाजपा नेता यहां इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में राकांपा के साथ अल्पकालिक सरकार बनाने के उनके प्रयास के समय को लेकर किए गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

महाराष्ट्र में 2019 के चुनावों के बाद एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने 23 नवंबर 2019 को फडणवीस को मुख्यमंत्री और अजित पवार को उपमुख्यमंत्री के तौर पर शपथ दिलाई थी। हालांकि, यह सरकार लगभग 72 घंटों के बाद गिर गई। फडणवीस ने बुधवार को कहा, ''प्रदेश में 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद, हम शरद पवार के साथ सरकार गठन पर चर्चा कर रहे थे। हमने विभागों के बंटवारे और प्रभारी मंत्रियों की जिम्मेदारियों को भी अंतिम रूप दे दिया था। लेकिन पवार ने (अपना) रुख बदल लिया और पीछे हट गए ।'' उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने का फैसला पवार की सहमति से ही लिया गया था।

महाराष्ट्र विधानसभा के 2019 में हुए चुनाव में भाजपा ने राज्य की 288 में से 105 सीटें जीतीं थी, और भाजपा के साथ गठबंधन में शामिल शिवसेना को 56 सीटों पर जीत मिली । हालांकि, मुख्यमंत्री पद को लेकर हुए विवाद के बाद शिवसेना गठबंधन से अलग हो गया। इसके उपरांत प्रदेश में उपजे राजनीतिक गतिरोध के चलते राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था। उपमुख्यमंत्री ने कहा, ''राज्यपाल को हर राजनीतिक दल से पूछना था कि क्या वह सरकार बनाने का दावा करना चाहेगा। राकांपा ने ऐसा करने से इनकार कर दिया और उसका पत्र (इस आशय का) मुंबई में मेरे आवास पर टाइप किया गया था। पवार ने कुछ सुधारों का सुझाव दिया, जो किए गए, और फिर इसे (पत्र) प्रस्तुत किया गया।

# 'न्यूजक्लिक' के खिलाफ कार्रवाई 'ठोस सबूतों' के आधार पर: भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** 'न्यूजक्लिक' पोर्टल के खिलाफ दिल्ली पुलिस की कार्रवाई को उचित ठहराते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कहा कि भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा क्योंकि लोगों ने ऐसे तत्वों से सख्ती से निपटने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र के नेतृत्व वाली सरकार को जनादेश दिया है।

भाजपा मुख्यालय में राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने न्यूज पोर्टल के समर्थन में आने के लिए कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के अन्य घटक दलों की आलोचना की और कहा कि पुलिस ने 'ठोस सबूतों' के आधार पर 'न्यूजक्लिक' के खिलाफ कार्रवाई की है। देश के लोग उम्मीद करते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ 'कड़ी से कड़ी कार्रवाई' करेगी। दिल्ली पुलिस ने 'न्यूजक्लिक' के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और उसके एचआर विभाग के प्रमुख अमित चक्रवर्ती को आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए के तहत दर्ज एक मामले में तलाशी लेने और कई पत्रकारों से पूछताछ करने के बाद गिरफ्तार कर लिया। भाटिया ने कहा, ''न्यूजक्लिक पत्रकारिता का मुखौटा पहनकर भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल था। और वह भी उस चीन से वित्तीय सहायता लेना, जो भारत के खिलाफ रहा है। उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।''

## आगामी लोकसभा चुनावों में हार की आशंका के कारण ईडी ने छापेमारी की: केजरीवाल



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह के आवास पर प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) के छापे दिखाते हैं कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2024 के लोकसभा चुनाव में हार को देखते हुए हताशा भरे कदम उठा रही है। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने कहा कि ऐसे कई छापे मारे जाएंगे, लेकिन डरने की कोई जरूरत नहीं है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े धन शोधन मामले में बुधवार सुबह संजय सिंह के घर पर छापा मारा और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले केजरीवाल ने कहा, पिछले एक साल से हम देख रहे हैं कि कथित 'शराब घोटाले' को लेकर हंगामा हो रहा है। एक हजार से अधिक छापे मारे गए हैं और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आज तक पैसे की कोई बरामदगी नहीं हुई है। वे समय-समय पर हम पर कई आरोप लगाते रहे हैं। पहले उन्होंने हम पर 'क्लासरूम घोटाले', स्कूल बसों की खरीद में घोटाले, सड़कों के निर्माण और पानी तथा बिजली की आपूर्ति को लेकर भी घोटाले के आरोप लगाए।

केजरीवाल ने दावा करते हुए कहा कि हजारों छापे मारे गए लेकिन आज तक एक भी पैसा बरामद नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सिंह के घर पर कुछ भी नहीं मिलेगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा घबरा गई है। उन्हें लगता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्हें भारी हार का सामना करना पड़ेगा। यह हारने वाली पार्टी की हताशा से भरी आखिरी कोशिशें हैं। कल यह कई पत्रकारों के साथ हुआ, अब यह संजय सिंह के साथ हो रहा है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएंगे, ऐसा कई लोगों के साथ होगा।

## जातिगत जनगणना पर भाजपा का ''ओबीसी विरोधी डीएनए'' बेनकाब हो गया है : सुरजेवाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**इंदौर/भाषा।** केंद्र और मध्यप्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा को जातिगत जनगणना के मुद्दे पर घेरते हुए कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने बुधवार को कहा कि इस मुद्दे को लेकर भाजपा का कथित अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) विरोधी डीएनए बेनकाब हो गया है।

सुरजेवाला ने इंदौर प्रेस क्लब में मीडिया से संवाद के दौरान कहा,''भाजपा द्वारा जातिगत जनगणना का विरोध खासकर ओबीसी और गरीबों के साथ घोर अन्याय है। इस विरोध के साथ ही भाजपा का ओबीसी विरोधी डीएनए भी बेनकाब हो गया है।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मानना है कि जातिगत जनगणना समतामूलक समाज के सृजन का आधारस्तंभ है और वंचित तबकों को उनकी आबादी के मान से संसाधनों में हिस्सेदारी और न्याय मिलना चाहिए।

कांग्रेस महासचिव ने मांग की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जातिगत जनगणना पर तुरंत अपना रुख स्पष्ट करें। सुरजेवाला, कांग्रेस संगठन में मध्यप्रदेश के प्रभारी हैं जहां इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। उन्होंने चौहान पर हमला बोलते हुए कहा कि खुद ओबीसी से ताल्लुक रखने वाले मुख्यमंत्री इतने ''डरपोक'' हैं कि वह जातिगत जनगणना का नाम तक लेने से घबराते हैं।

## 'ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस जल्द दिल्ली में प्रदर्शन करेगी'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी ने दिल्ली पुलिस द्वारा पार्टी प्रतिनिधियों के खिलाफ 'बर्बर व्यवहार' किए जाने को लेकर बुधवार को केंद्र सरकार की आलोचना की और कहा कि पार्टी जल्द ही ममता बनर्जी के नेतृत्व में दिल्ली में विरोध प्रदर्शन आयोजित करेगी।

तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा कि बृहस्पतिवार को पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी.आनंद बोस से मुलाकात करेगा और केंद्र पर राज्य के बकाये को लेकर ज्ञापन सौंपेगा। कोलकाता लौटने पर हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा, ''केंद्र सरकार और उसके मंत्री जमींदारों की तरह व्यवहार कर रहे हैं। कल कई घंटों तक इंतजार करने के बावजूद ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ने मुलाकात नहीं की। पुलिस ने हमें कृषि भवन से घसीट कर बाहर निकाल दिया। यह भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नया भारत है।''

## मेघायल में ट्रक से 50 लाख रुपये कीमत का प्रतिबंधित सीरप जब्त

**शिलांग/भाषा।** मेघालय पुलिस ने पूर्वी जयंतिया हिल्स जिले में एक ट्रक से करीब 50 लाख रुपये मूल्य की प्रतिबंधित फेंसेडिल कफ सीरप की 44,000 से अधिक बोतलें जब्त की हैं। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर लम्सनॉन्ग में विपरीत दिशा से आ रहे दो ट्रकों का पता लगाया, जिनका पंजीकरण नंबर एक ही था।

जिले के पुलिस अधीक्षक जगपाल धनोआ ने पीटीआई-भाषा को बताया कि असम की ओर से जा रहे ट्रक को रोकने पर चालकों ने भागने का प्रयास किया और उन्हें पकड़ने की कोशिश के दौरान दोनों ट्रक को छोड़कर फरार हो गए।

जब पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली, तो प्रतिबंधित फेंसिडिल सीरप की 44,900 बोतले (100 मिलीलीटर की) बरामद हुईं।

### कलाकारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बुधवार को गुवाहाटी में आगामी दुर्गा पूजा उत्सव से पहले मां दुर्गा की मूर्तियां बनाने में व्यस्त एक कलाकार।

## 'नीट-पीजी योग्यता परसेंटाइल को घटाकर शून्य करना एक 'बम्पर लूट ऑफर' है'



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने राष्ट्रीय योग्यता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) 2023 के लिए योग्यता परसेंटाइल को घटाकर शून्य किए जाने को लेकर बुधवार को दावा किया कि निजी चिकित्सा महाविद्यालयों और कुछ खास लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए यह कदम उठाया गया है। पार्टी प्रवक्ता अजय कुमार ने यह दावा भी किया कि यह निजी मेडिकल कॉलेज में भाजपा का 'बम्पर लूट ऑफर' शुरू हुआ है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने पिछले महीने सभी श्रेणियों में काउंसलिंग को लेकर पात्र होने के संबंध में नीट-पीजी 2023 के लिए योग्यता परसेंटाइल को शून्य कर दिया। अजय कुमार ने संवाददाताओं से कहा, ''नीट की परीक्षा में सीटें नहीं भर पाने के कारण कटऑफ को कम करने की मांग की गई। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अपने खास लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए इसे 'जीरो' कर दिया। '' उन्होंने दावा किया, ''निजी मेडिकल कॉलेज में भाजपा का बम्पर लूट ऑफर शुरू हुआ है। एमडी (रेडियोलॉजी) की कीमत पिछले साल 3 करोड़ रुपये थी इस साल 11 करोड़ हो गई। एमडी (मेडिसिन) की पढ़ाई की कीमत 5 करोड़ हो गई है।''

## ओडिशा : केंद्रपाड़ा जिले की मशहूर मिठाई 'रसबली' को मिला जीआई टैग

**केंद्रपाड़ा/भाषा।** ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले की प्रसिद्ध मिठाई 'रसबली' को जीआई (भौगोलिक उपदर्शन) टैग प्राप्त हुआ है, जिससे मिठाई निर्माताओं को बढ़ावा मिलेगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री, चेन्नई ने मंगलवार को मिठाई को जीआई टैग प्रदान किया, जिसे लोकप्रिय रूप से 'केंद्रपाड़ा रसबली' के नाम से जाना जाता है।

केंद्रपाड़ा रसबली मिष्ठान निर्माता संघ और ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास एवं रोजगार विभाग ने रसबली के वास्ते जीआई टैग देने के लिए आवेदन किया था और रजिस्ट्री में आवश्यक दस्तावेज जमा किए थे। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने 'एक्स' पर कहा, ''केंद्रपाड़ा रसबली के लिए जीआई टैग मिलना ओडिशा के लिए गर्व की बात है। रसबली का ओडिशा की खानपान संस्कृति और परंपरा में विशेष महत्व है।''

# अब लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने का समय है: रोहित शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अहमदाबाद/भाषा।** भारतीय क्रिकेट टीम को स्वदेश में हो रहे विश्व कप के दौरान भारी दबाव से भी पार पाना होगा और कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को कहा कि अब एकांत में रहकर लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने का समय आ गया है।

भारतीय टीम से उम्मीद की जा रही है कि वह तीसरी बार 50 ओवरों के विश्व कप को जीतने में सफल रहेगी। भारत ने 2011 में अपनी धरती पर विश्व कप जीता था। इसके बाद 2015 में ऑस्ट्रेलिया और 2019 में इंग्लैंड ने अपनी धरती पर खिताब जीता। अब भारतीय टीम से यह क्रम जारी रखने की उम्मीद की जा रही है।



रोहित ने आईसीसी के 'कैप्टन डे' कार्यक्रम के दौरान कहा,''मैं जानता हूं कि क्या दांव पर लगा है। जो खिलाड़ी टीम का हिस्सा हैं वे जानते हैं कि क्या दांव पर लगा है। हमारे लिए अब सब कुछ भूल कर उस पर ध्यान देने का समय है जो कि हम एक टीम के रूप में चाहते हैं।'' रोहित चाहते हैं कि उनकी टीम एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करे क्योंकि विश्व कप लंबा टूर्नामेंट है।

उन्होंने कहा,''पिछले तीन विश्व कप में मेजबान देश ने खिताब जीता है। यह लंबी अवधि तक चलने वाला टूर्नामेंट है और आप अभी से इतने आगे के बारे में नहीं सोच सकते। हमारे लिए यहां महत्वपूर्ण है कि हम प्रयास करें और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें।''

रोहित ने कहा कि भारतीय खिलाड़ी अपेक्षाओं के बोझ से खुद को बाहर निकलने में सफल रहेंगे। उन्होंने कहा,''हमें उम्मीदों को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि आपसे हमेशा कुछ न कुछ अपेक्षा की जाती है। हमें इसको लेकर चिंता नहीं करनी होगी कि कौन खेल रहा है और बाहर क्या हो रहा है क्योंकि यह समय हमारे लिए एकांत में रहकर लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने का है।''

रोहित ने अपने खिलाड़ियों से अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने और दबाव को भूलने का आग्रह किया। उन्होंने कहा,''हमारे खिलाड़ी जानते हैं की दबाव से कैसे बाहर निकलना है फिर चाहे वे स्वदेश में खेल रहे हो या विदेश में। दबाव ऐसी चीज है जो कभी खिलाड़ी का पीछा नहीं छोड़ता। वह हमेशा रहेगा इसलिए उसको भूलकर अपने काम पर ध्यान केंद्रित करो।''

भारत अपना पहला मैच 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगा।

रोहित ने कहा,''हम 8 अक्टूबर को चेन्नई में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। हम इस टूर्नामेंट में अपने प्रत्येक मैच के महत्व को समझते हैं। इसलिए प्रत्येक मैच में आपको अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।''

## कांग्रेस पिछड़े वर्गों की जनगणना चाहती है, इससे उनकी स्थिति के बारे में सटीक जानकारी मिलेगी : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोड़ातराई (छत्तीसगढ़)/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी पिछड़े वर्गों की जनगणना चाहती है क्योंकि इस कदम से उनकी स्थिति के बारे में सटीक जानकारी मिलेगी और उनके हित में कदम उठाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कांग्रेस पर देश को बांटने की कोशिश करने का आरोप लगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की और कहा कि उनका खेल 2024 में भी जारी नहीं रहेगा क्योंकि देश के लोग जागरूक हो गए हैं।

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के कोड़ातराई गांव में राज्य सरकार के 'भरोसे का सम्मेलन' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खरगे ने भाजपा और आरएसएस पर महिला विरोधी विचारधारा रखने का भी आरोप लगाया और कहा कि अगर भाजपा को महिलाओं, पिछड़ों और गरीबों से प्यार है, तो उसे अब महिला आरक्षण विधेयक लागू करना चाहिए।

खरगे ने कहा, 'वे (भाजपा वाले) कहते हैं कि कांग्रेस ने महिला आरक्षण विधेयक का विरोध किया। लेकिन जिसने (संविधान में) संशोधन लाया और पंचायत निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया वह कांग्रेस ही थी।'' कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'चाहे जनसंघ हो, भाजपा हो या आरएसएस, इनकी विचारधारा महिला विरोधी रही है। वे नहीं चाहते कि महिलाएं आगे आएं। यदि उन्हें महिलाओं, पिछड़ों और गरीबों से प्यार है, तो उन्हें संसद की मौजूदा संख्या में महिला आरक्षण विधेयक लागू करना चाहिए।' उन्होंने दावा किया कि यह 2034 से पहले लागू नहीं किया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'हम पिछड़ों की जनगणना चाहते हैं क्योंकि इससे यह जानकारी सामने आएगी कि उनमें से कितने बहुत पिछड़े हैं, उनमें से कितने साक्षर हैं, कौन आर्थिक रूप से पिछड़े हैं आदि। जनगणना से इन सभी विवरणों का खुलासा होगा और हम उनका आकलन करने में सक्षम होंगे। इन सभी बातों के लिए हम मांग कर रहे हैं कि पिछड़ों और गरीबों की जनगणना होनी चाहिए। लेकिन मोदी साहब कहते हैं कि विपक्ष देश को बांटना चाहता है और महिलाओं के अधिकार छीनना चाहता है।'

चेन्नई | गुरुवार | 05-10-2023 www.dakshinbharat.com /dakshinbharat /dakshinbharat DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY
दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## सुविचार

**अपनापन छलके जिसकी आँखों में, ऐसा कोई एक ही मिलता है लाखो में।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# साइबर अपराधों के 'गढ़'

देश में कई इलाकों का साइबर अपराधों के 'गढ़' के तौर पर उभरना बड़ी चुनौती है। अब तक ऐसे अपराधों के लिए झारखंड के जामताड़ा एवं हरियाणा के नूंह का नाम सुनने में आता था, लेकिन राजस्थान के भरतपुर और उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में बैठे साइबर ठग भी आम जनता को खूब चूना लगा रहे हैं। आईआईटी–कानपुर में स्थापित गैर–लाभकारी स्टार्टअप फ्यूचर क्राइम रिसर्च फाउंडेशन (एफसीआरएफ) के अध्ययन का यह निष्कर्ष चिंता बढ़ाने वाला है कि शीर्ष 10 जिलों से देश में 80 प्रतिशत साइबर अपराध होते हैं। अध्ययन पत्र 'ए डीप डाइव इनटू साइबर क्राइम ट्रेंड्स इम्पैक्टिंग इंडिया' कहता है कि अकेला भरतपुर 18 प्रतिशत हिस्से के साथ शीर्ष पर है। इस सूची में जामताड़ा 9.6 प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गया है। दूसरे से चौथे स्थान तक क्रमश: मथुरा (12 प्रतिशत), नूंह (11 प्रतिशत), देवघर (10 प्रतिशत) आ गए हैं। इनमें से मथुरा और देवघर तो हमारी आस्था के केंद्र हैं। निस्संदेह साइबर ठगी एक गंभीर अपराध है, लेकिन तीर्थ स्थलों पर रहकर ऐसी गतिविधियों में लिप्त होना तो घोर पाप है। ऐसे लोग किसी सूरत में नरमी के हकदार नहीं हैं। लिहाजा कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। जामताड़ा को पछाड़कर कुछ जिले उससे आगे निकले हैं, उससे यह स्पष्ट होता है कि वहां प्रशासन और पुलिस तंत्र साइबर अपराधियों को नकेल डालने में सफल नहीं हो रहे हैं। अपराधियों में कानून का डर समाप्त होता जा रहा है। जामताड़ा में साइबर ठगी में लिप्त रहे अपराधियों के 'ठाठ' देखकर कई युवा गुमराह हुए। अगर समय रहते उन पर काबू पाया होता, प्रभावी तकनीकी उपाय किए होते तो अपराधियों के हौसले इतने बुलंद नहीं होते। साइबर अपराध के गढ़ बनते जा रहे इन इलाकों में गुरुग्राम (8.1 प्रतिशत), अलवर (5.1 प्रतिशत), बोकारो (2.4 प्रतिशत), कर्मा टांड (2.4 प्रतिशत) और गिरिडीह (2.3 प्रतिशत) भी शामिल हो गए हैं। उक्त दस जिलों में 80 प्रतिशत साइबर अपराधों के बाद बाकी 20 प्रतिशत, देश के अन्य इलाकों में हो रहे हैं।

भारत में तकनीक के बड़े–बड़े विशेषज्ञ हैं। क्या ऐसी कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं हो सकती कि साइबर अपराधियों के मंसूबे विफल कर दिए जाएं? आज साइबर ठगी के मामले में जिस तरह जामताड़ा को पछाड़कर चार जिले आगे निकल गए हैं, अगर प्रभावी रोकथाम नहीं की गई तो भविष्य में कुछ और जिले उन्हें पछाड़ने की होड़ में लगेंगे। साइबर अपराधी जिस बेरहमी से आम जनता को लूट रहे हैं, उस पर लगाम लगाने के लिए तकनीकी उपाय तो करने ही होंगे। उसके अलावा कुछ कानूनी प्रावधान भी करने होंगे। सरकार को तकनीकी विशेषज्ञों की सहायता से ऐसी व्यवस्था का निर्माण करना होगा, जिससे साइबर ठगी करना बहुत मुश्किल हो जाए। अगर पीड़ित की असावधानी के कारण ठगी हो भी जाए तो वह धन साइबर ठगों के हाथों में न जा सके। भारत में ठगी का इतिहास बहुत पुराना है। मुगलों और अंग्रेजों के शासन काल में भी ठगों ने भारी उत्पात मचाया था। चूंकि उस जमाने में आजकल की तरह परिवहन के साधन नहीं थे, इसलिए लोग ऊंट, घोड़े, बैलगाड़ी से या पैदल ही सफर करते थे। रास्ते में ठग अपनी पहचान बदलकर उनसे दोस्ती कर लेते। फिर मौका पाकर 'शिकार' करते। इतिहास में उल्लेख मिलता है कि वे एक खास तरीके से उन लोगों का गला घोंटकर पूरा माल लूट लेते थे। बाद में कुछ अफसरों ने उनका डटकर मुकाबला किया। ठगों में अपने जासूस छोड़े, जिससे उनकी खबर मिलती रही। फिर उन पर धावा बोलकर गिरफ्तारियां कीं। अधिकारी यह देखकर हैरान थे कि ठगों ने सैकड़ों की तादाद में निर्दोष लोगों को न केवल लूटा, बल्कि गड्ढे खोदकर उनकी लाशें भी छुपाईं। बाद में अदालतों ने ठगों को मृत्युदंड सुनाया। एक–एक ठग को पकड़कर फंदे पर लटकाया गया, जिससे ये अपराधी कुछ काबू में आए। आज ठगों ने तरीका बदल लिया है। वे ऑनलाइन आकर बातों में उलझाते हैं। फिर माल लूटकर 'गायब' हो जाते हैं। वे यह नहीं देखते कि उस व्यक्ति ने कितनी मेहनत से धन कमाया है। किसी के परिवार में कोई बीमार है, बच्चों की फीस बाकी है, शादी है, नौकरी चली गई ... लेकिन साइबर ठगों को इससे कोई मतलब नहीं, वे हर हाल में लूटना चाहते हैं। सरकार को चाहिए कि इन ठगों के अपराध की प्रकृति के आधार पर कठोर आजीवन कारावास और मृत्युदंड तक का प्रावधान करे। अन्यथा इनके हौसले बढ़ते जाएंगे।

## ट्वीटर टॉक



कांग्रेस पार्टी ने लंबे समय तक राज किया। लेकिन इनका राज ऐसा था कि वादे करो, फिर भूल जाओ और जनता से नए और लुभावने वादे करके अगले चुनाव में फिर खड़े हो जाओ। लेकिन मोदी जी ने इस संस्कृति को बदला और रिपोर्ट कार्ड की राजनीति शुरू की।

**–जोपी नड्डा**



'सुझाव आपका, संकल्प हमारा' अभियान के अंतर्गत 15 दिन में 200 विधानसभाओं में जाना है। वहां लोगों से संपर्क करना और लाखों कार्यकर्ताओं के माध्यम से राजस्थान को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हमें चलना है।

**–राजेन्द्र राठौड़**



संसदीय क्षेत्र कोटा में यूथ हॉस्टल का लोकार्पण किया। देश के अन्य शहरों से पर्यटन, खेल तथा अन्य कारणों से कोटा आने वाले युवाओं व खिलाड़ियों को यूथ हॉस्टल सुविधाजनक और सुरक्षित आश्रय की सुविधा प्रदान करेगा।

**–ओम बिरला**

## प्रेरक प्रसंग

# आत्मा की जरूरत

एक युवक ने संत से पूछा, 'क्या गरीबी–अमीरी का भी धर्म से कोई सम्बंध है?' संत ने गंभीर होकर कहा, 'हां है, ग़रीब आदमी, जिसका पेट ख़ाली है, वह धर्म के सम्बन्ध में सोच नहीं सकता। उसकी पहली ज़रूरत पेट भरना है, धर्म नहीं। जिसका पेट भरा है यानी अमीर आदमी, उसे पता पड़ता है कि पेट तो भरा है, पर कुछ कहीं कोई रिक्तता है, पेट भरे होने पर ही चित्त की रिक्तता दिखाई पड़ती है। यानी सब कुछ उपलब्ध होने पर भी मन अशान्त है, ख़ाली पेट मन की अशांति दिखाई नहीं पड़ सकती। पेट भरे होने पर मन नई नई वासना पैदा करेगा, अमीर आदमी उन्हें पूरी करने की कोशिश करेगा, पर वो जितनी कोशिश वासनाओं की पूर्ति की करेगा, मन और नई वासनाएं खड़ी कर देगा। अमीर आदमी उन्हें भी भरेगा, पर मन तब और अधिक अशान्त हो जायेगा। तब कहीं जाकर उसे जान पड़ेगा कि मन तो शांत होना जानता ही नहीं, तब उसे असली प्यास का पता पड़ेगा कि मन को चाहे कितना ही भर ले पर इससे आत्मा की प्यास को नहीं बुझाया जा सकता। आत्मा की प्यास भौतिक संसाधनों से नहीं भर सकती। आत्मा की ज़रूरत तो धर्म है।'

## सामयिक

# मुस्कान है सेहत एवं समृद्धि का अनमोल उपहार

**ललित गर्ग**

मोबाइल : 9811051133



प्रत्येक अक्टूबर के पहले शुक्रवार को यानी इस वर्ष 6 अक्टूबर को विश्व मुस्कान दिवस है। आज मनाए जाने वाले विश्व मुस्कान दिवस के पीछे वॉर्सेस्टर, मैसाचुसेट्स के एक अमेरिकी वाणिज्यिक कलाकार हार्वे बॉल के दिमाग की उपज थी। प्रतिष्ठित स्माइली फेस 1963 में उनके द्वारा बनाया गया था। तब से, इसने सभी के सामूहिक आनंद को कैद कर लिया है। 1999 में पहला स्माइल डे बिना किसी बाधा के उत्साह और धूमधाम से मनाया गया था, क्योंकि मुस्कुराहट एक ऐसी अभिव्यक्ति है जिसमें अनेक समस्याओं एवं परेशानियों के हल समाये होते है। 2001 में, हार्वे के निधन के बाद, स्माइली' निर्माता को श्रद्धांजलि के रूप में हार्वे बॉल वर्ल्ड स्माइल फाउंडेशन की स्थापना की गई थी। इस दिन को स्थापित करने वाले मैसच्यूसेट्स के आर्टिस्ट हार्वे बाल के अनुसार हम सभी को हर साल एक दिन पूरी दुनिया में मुस्कुराने और दयालु बनने के लिए समर्पित करना चाहिए। क्योंकि मुस्कुराता हुआ चेहरा किसी भी राजनीतिक, भौगोलिक और धार्मिक बातों को नहीं जानता। सिर्फ आज के दिन मुस्कुराने की बजाय आप रोज मुस्कुराने की आदत बनाइये। इससे ना केवल आपकी मुश्किलें आसान होंगी बल्कि आपके चाहने वाले भी आपको देखकर खुश रहेंगे।

अच्छे स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं समग्र विकास के लिये मुस्कान जरूरी है। आज के तनाव, अशांत, चिन्ता एवं परेशानियों के जीवन में मुस्कान की तीव्र आवश्यकता है। क्योंकि हँसना और मुस्कुराना सभी के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं बौद्धिक विकास में अत्यंत सहायक है। मुस्कान हमारे जीवन की सफलता की चाबी है, वह अनेक समस्याओं का समाधान भी है। मुस्कान दुखी दिल के घावों को भरने वाला मलहम है। हमारे चेहरे का व्यायाम है और मन का आराम। शोध कहते हैं कि जैसे–जैसे हम बड़े हो रहे हैं, हमारा मुस्कुराना कम हो रहा है। हम इसलिए कम नहीं मुस्कुराते कि हम बूढ़े हो गए हैं। हम बूढ़े ही इसलिए हुए कि हमने मुस्कुराना बंद कर दिया है। करूणामूर्ति मदर टेरेसा ने कहा, शांति की शुरुआत मुस्कुराहट से होती है। आपकी ख़ुशी आपके होठों से शुरू होती है। इस वर्ष आप विश्व मुस्कान दिवस पर, अपने होठों को थोड़ा सा मोड़ना न भूलें। यह संक्रामक होगा और आपके चारों ओर एक सकारात्मक वातावरण तैयार करेगा।

सेहत का एक मंत्र यह है कि आप खुलकर मुस्कुरायें। हमें मुस्कुराना चाहिए और बात–बेबात मुस्कुराते रहना सफल एवं सार्थक जीवन का मंत्र हैं। पर कई बार पूरा पूरा दिन बिना मुस्कान के निकल जाता है। उदासी और बेचैनियों के बादल छाए रहते हैं, मुस्कान की धूप खिल नहीं पाती। मुस्कुराना–हंसना एक ऐसा सकारात्मक भाव है जो व्यक्ति के न केवल आंतरिक बल्कि बाहरी स्वरूप को समृद्धिशाली एवं प्रभावी बनाता है। मुस्कान एक शक्तिशाली भावना है जिसमें व्यक्ति को ऊर्जावान और संसार को शांतिपूर्ण बनाने की क्षमता हैं। यह व्यक्ति के विद्युत–चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित करता है और व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। जब व्यक्ति समूह में मुस्कुराता है तो उसकी मुस्कान से सकारात्मक ऊर्जा सम्पूर्ण परिवेश में व्याप्त हो जाती है।

आज के इस तनावपूर्ण वातावरण में व्यक्ति अपनी मुस्कुराहट व हँसी को भूलता जा रहा है, फलस्वरूप तनावजन्य बीमारियाँ, जैसे- उच्च रक्तचाप, शुगर, माइग्रेन, हिस्टीरिया, पागलपन, डिप्रेशन आदि को निमंत्रण दे रहा है। मुस्कुराने से ऊर्जा और ऑक्सीजन का संचार अधिक होता है। शरीर में से दूषित वायु बाहर निकल जाती है। हमेशा खुलकर मुस्कुराना शरीर के सभी अवयवों को ताकतवर और पुष्ट करता है। साथ ही शरीर में रक्त संचार की गति को बढ़ाता है। इसके अलावा पाचन तंत्र अधिक कुशलता से कार्य करता है। इसलिये डॉक्टर भी हर बीमारी के रोगी के लिये मुस्कुराने को उपयोगी बताते हैं। क्योंकि जोर–जोर से कहकहे लगाने एवं मुस्कुराने से पूरे शरीर में प्रत्येक अंग को गति मिलती है।

इससे शरीर में मौजूद हारमोन दाता प्रणाली (एंडोफ्राइन ग्रंथि) सुचारुरूप से चलने लगती है, जो कि कई रोगों से छुटकारा दिलाने में सहायक होता है। जो लोग हमें अपनी बातों से, अपने कार्यों एवं सोच से हमें मुस्कान देते हैं, वे हमारी स्मृतियों में रच–बस जाते हैं। हम किसी को पसंद या नापसंद कई कारणों से कर सकते हैं। पर लंबे समय तक हमारे प्रेम के हकदार वे लोग बनते हैं, जो हमें हंसाते हैं और हमारे चेहरे की मुस्कान लाते हैं। शायद इसीलिए विक्टर बोर्ग कहते हैं, हंसी दो लोगों के बीच की दूरी को पार करने का सबसे छोटा पुल है' हंसना–मुस्कुराना एक ऐसा बेशकीमती उपहार है, जो कुदरत ने केवल मनुष्य को ही बख्शा है। हास्य एवं मुस्कान एक सार्वभौमिक भाषा है। इसमें जाति, धर्म, रंग, लिंग से परे रहकर मानवता को समन्वय करने की क्षमता है। यह इंसान से इंसान को जोड़ने का उपक्रम है। मुस्कान एवं हंसी विभिन्न समुदायों को जोड़कर नए विश्व का निर्माण करने में सक्षम हैं। यह विचार भले ही काल्पनिक लगता हो, लेकिन लोगों में गहरा विश्वास है कि हंसी–मुस्कान ही दुनिया को एकजुट कर सकती है। दुनिया में सुख एवं दु:ख दोनों ही धूप–छाँव की भाँति आते–जाते हैं। यदि मनुष्य दोनों परिस्थितियों में हँसमुख रहे तो उसका मन सदैव काबू में रहता है व वह चिंता से बचा रह सकता है।

मुस्कुराने से आत्मा खिल उठती है। इससे आप तो आनंद पाते ही हैं दूसरों को भी आनंदित करते हैं। हास–परिहास एवं मुस्कान पीड़ा का दुश्मन है, निराशा और चिंता का अचूक इलाज और दु:खों के लिए रामबाण औषधि है। हंसने–हंसाने–मुस्कुराने से तन–मन में उत्साह का संचार होता है और दिल से मुस्कुराना तो किसी दवा से कम नहीं है। मुस्कान एक उत्तम टॉनिक का काम करती है। प्रमुख विद्वान थैकर एवं शेक्सपियर जैसे विचारकों ने भी इस बात की पुष्टि की है कि प्रसन्नचित व्यक्ति अधिक जीता है। मनुष्य की आत्मा की संतुष्टि, शारीरिक स्वस्थता व बुद्धि की स्थिरता को नापने का एक पैमाना है और वह है चेहरे पर खिली प्रसन्नता। लंदन विश्वविद्यालय की प्रोफेसर सोफी स्कॉट कहती हैं कि, हंसी के द्वारा हमारा अवचेतन मन ये संकेत देता है कि, हम सुकून में हैं और सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

जापान में भगवान बुद्ध के शिष्य थे होतेई। वह बड़े अलमस्त स्वभाव के भिक्षुक थे। वह बेहद निर्लिप्त और निरपेक्ष भाव से जीवन जीने में विश्वास रखते थे। वह जिस कार्य को करते, उसमें पूरी तरह डूब जाते थे, तन्मय हो जाते। जापान में ऐसी मान्यता है कि एक बार होतेई मेडिटेशन करते–करते इतने रोमांचित हो गए कि ध्यानावस्था में जोर–जोर से हंसने–मुस्कुराने लगे। इस अद्भुत घटना के उपरांत ही लोग उन्हें लाफिंग बुद्धा के नाम से संबोधित करने लगे। घूमना–फिरना, देशाटन करना, लोगों को मुस्कान व खुशी प्रदान करना लाफिंग बुद्धा का ध्येय बन गया। चीन में लाफिंग बुद्धा को पुताई के नाम से भी जाना जाता है। चीनी लोग उन्हें एक ऐसे भिक्षुक के नजरिए से देखते हैं, जो एक हाथ में धन–धान्य का थैला लिए, चेहरे पर खिलखिलाहट बिखेरे अपना बड़ा पेट और थुलथुल बदन दिखाकर सभी को मुस्कन देते हुए सकारात्मक ऊर्जा देते हैं। वे समृद्धि व खुशहाली का संदेशवाहक और घरों के वास्तुदोष निवारण का प्रतीक भी माने जाते हैं। जापान जैसे देशों में लोग अपने बच्चों को प्रारंभ से ही हँसते–मुस्कुराते रहने की शिक्षा देते हैं, ताकि उनकी भावी पीढ़ी सक्षम एवं तेजस्वी हो।

दुनिया के अधिकतर देश आतंकवाद के डर से सहमे हुए हैं, हर व्यक्ति के अंदर घबराहट और अशांति का कोहराम मचा हुआ है। ऐसे दौर में केवल मुस्कान ही दुनियाभर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकती है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर टेरीजा एमाबाइल ने कहा है कि, हँसते समय हमारा दिमाग सबसे अधिक क्रिएटिव होता है। हमें न केवल पारिवारिक परिवेश में बल्कि ऑफिस में हंसी–मजाक, मुस्कुराने को बढ़ावा देना चाहिए। ऑफिस का माहौल मेल–जोल और हंसी मजाक वाला हो, जिससे टीम के बीच काम के प्रति उत्साह का संचार हो सके। खूबसूरत चेहरे के लिए मुस्कान कारगर साबित हो सकता है।

मुस्कुराने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे व्यक्ति का आत्मविश्वास बढ़ता है। मेडिकल प्रयोगों में पाया गया है कि, 10 मिनट तक मुस्कुराते रहने से दो घंटे की गहरी नींद आती है। मुस्कुराने वाले व्यक्तियों के कई सारे मित्र बन जातें हैं और इस प्रकार उनमें भाईचारा और एकता की भावना कब उत्पन्न होती हैं, पता ही नहीं चलता। डर, भय, असुरक्षा, आतंकवाद से हर इंसान सहमा हुआ है, तब मुस्कान दिवस' की अत्यधिक आवश्यकता महसूस होती है। इससे पहले इस दुनिया में इतनी अशांति कभी नहीं देखी गई। इस व्यस्त, अशांत एवं तनावग्रस्त जिंदगी में लोग कम से कम एक दिन तो अपने लिए निकालें और जी भरकर मुस्करायें।

## अध्यात्म

# प्रभु के रंग चढ़ने से जीवन सुखमय होगा

**सुधांशुजी महाराज**

प्यारे ईश्वर से अपना संबंध जोड़ें। मन को खाली करें। जीवन देने वाले दाता के प्रति अपना ध्यान जोड़िये। जीवन कहां से चलकर कहां तक पहुंचा और भविष्य में हमारे सामने क्या चुनौतियां होंगी कितने आंसू, कितने मुस्कान, कितना सुख, कितना दुख, कितनी पीडाओं से गुजरेंगे और कितनी खुशियां मिलेंगी, हम नहीं जानते। लेकिन यह प्रार्थना जरूर करें कि प्रभु आपका साथ होगा तो कैसी भी परिस्थिति क्यों ना हो हम हर स्थिति से पार जाएंगे। आपकी शक्ति से ही सफल होंगे। आपकी कृपा से ही जीवन में खुशियां आएंगी आपकी कृपा से ही जीवन की नैया पार लगेगी। निवेदन करते हैं प्रभु से।

हे दीनदयाल, कृपा निधान, सर्वशक्तिमान, हे अंतर्यामिन, हे शुद्ध बुद्ध मुक्त स्वभाव, हे मेरे परमेश्वर आपको हमारा श्रद्धा भरा प्रणाम। दयालुदेव आपसे ये ही निवेदन करते हैं। पूरा संसार आपके नियमों में और आपकी व्यवस्था से बंधा हुआ है! इस संसार में आपके नियम, आपके कानून के अनुसार ही प्रत्येक चीज़ बनती है, बढ़ती है, बिगड़ती भी है आप में लीन हो जाती है। जो आप के नियमों को समझता है! योजनाओं के अनुसार चलता है, अनुशासन का पालन करता है। व्यवस्थित होकर जीवन जीता है। वह निश्चित रूप से आपके नियमों के अनुसार जीवन को जीता हुआ आनंद से युक्त होता है। खुश रहता है। जहाँ जहाँ भी हम प्रकृति के नियमों का उल्लंघन करते हैं वहीं जीवन में कष्ट कलेश आना शुरू होता है।

जब जब हम आपसे जुड़ते हैं। हमारे जीवन के अंदर धैर्य आता है, शांति आती है, प्रेम आता है, दया आती है, करूणा आती है, सहयोगी बनते हैं, दूसरों को माफ करना सीखते हैं, सहनशीलता अपनाते हैं क्षमा भाव आता है। सह योगी बनकर हम पिछड़ गए गिर गए लोगों की ताकत बनते हैं। जब हम आपसे जुड़ते हैं। प्रभु हमारे अंदर वह प्रेम सद्भाव आता है कि हम अपने जैसा ही सबको समझते हैं और सबके अंदर की पीड़ा और संवेदना को भी समझने लगते हैं।

यह धरती रहने के काबिल बनती है, घर स्वर्ग बनता है, जीवन में शांति आती है, प्रसन्नता आती है! इसलिए आप से जुड़े रहें और आपकी दिव्यता हमारे भीतर उतरती रहे। हमें अपनी भक्ति का दान दो। ऐसे प्यारो का संग दो जिनका रंग लगने से जीवन में सुख और शांति आए।जिनके साथ बैठने से अशांति और पीड़ा बढ़ती हो उनकी संग से हम बचें और वो विचार शक्ति दो कि हर दिन हम अपने आपको ऊंचा उठाएं। प्रभु सभी का कल्याण हो सभी सुखी निरोग हों और सभी आपकी भक्ति से युक्त रहें। हमारी प्रार्थना को स्वीकार कीजिए और सभी का कल्याण कीजिये।



## चिंतन

# अणुव्रत आंदोलन, मद्यनिषेध और नशामुक्ति

**डॉ. दिलीप धींग**

मोबाइल : 9952048107

भारत जैसे उष्णकटिबंधीय तथा आध्यात्मिक देश में युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति किसी महामारी से कम नहीं है। यौवन का जो स्वर्णिम समय व्यक्ति–निर्माण से विश्व–निर्माण की अद्भुत क्षमता रखता है, वह मद्यपान और नशे से नष्ट हो जाता है। मदिरापान से तन, मन और मस्तिष्क पर अत्यन्त विपरीत असर होता है और मानव की अन्तर्शक्ति क्षीण हो जाती है। युवावस्था ही क्या, नशा जीवन की हर अवस्था को अव्यवस्थित कर देता है। संसार के सभी धर्मशास्त्रों, महापुरुषों और विचारकों ने मद्यपान को हानिकारक बताया है। आचार्य तुलसी द्वारा प्रवर्तित अणुव्रत आंदोलन के अमृत वर्ष में अणुव्रत सप्ताह के अंतर्गत आचार्य महाश्रमण के आह्वान पर 5 अक्टूबर को देशभर में नशामुक्ति दिवस मनाया जा रहा है।

जैनाचार्यों ने जिन सात व्यसनों को छोड़ने की सलाह दी है, उनमें एक मदिरापान भी है। जैन ग्रंथों में मद्य–मांस को महाविकृति कहा है तथा उन्हें काम, मद, हिंसा आदि का जनक बताया है। दशवैकालिक सूत्र में मदिरापान का निषेध करते हुए कहा गया है कि वह लोलुपता, छल, कपट, झूठ, अपयश, अतृप्ति आदि दुर्गुणों को पैदा करने वाला और दोषों को बढ़ाने वाला है। अन्तगडदसा सूत्र के अनुसार शराब उच्छृंखलता पैदा करती है। आठवीं सदी के आचार्य हरिभद्र के अनुसार मद्यपान से धर्म, अर्थ व काम का क्षय होता है। ज्ञानतंतु धुंधले हो जाते हैं और शरीर विविध रोगों का आश्रयस्थल बन जाता है। बारहवीं सदी के आचार्य हेमचन्द्र के अनुसार शराब से विवेक, संयम, ज्ञान, सत्य, शौच, दया आदि गुण नष्ट हो जाते हैं। जैन दिवाकर मुनि चौथमलजी ने कहा था कि जिन भले आदमियों को इहलोक और परलोक न बिगाड़ना हो, उन्हें मदिरापान से सदैव बहुत दूर ही रहना चाहिये। व्यक्ति के पतन के लिए इन/इतने सारे दुर्गुणों में से कुछ ही पर्याप्त हैं। ये दुर्गुण व्यक्ति के साथ ही समाज और देश को भी शक्तिहीन और विपन्न बनाते हैं।

मांसाहार और मद्यपान सहवर्ती बुराइयाँ हैं। अथर्ववेद में मांसभक्षण के साथ मद्यपान को भी बुरा बताया गया है। गीता में कहा गया है कि जितने मादक पदार्थ हैं वे तमाम तमोगुणी हैं, अत: विवेक को नष्ट करने वाले हैं। ऐसे पदार्थों में शराब सिरमौर है। स्वामी दयानंद सरस्वती के अनुसार मदिरा मनुष्य को राक्षस बना देती है। संत तिरुवल्लुवर ने कहा था कि जिन लोगों में शराब की लत पड़ जाती है, वे निपट निर्लज्ज हो जाते हैं। बाइबिल में लिखा है – 'शराबी का प्रभु के राज्य में प्रवेश निषिद्ध है।' कुरान के अनुसार ईमान वाले और ईमान को जानने वाले शराब को नापाक मानकर उसका त्याग करते हैं।' चीनी संत लाओत्से के अनुसार 'पहले आदमी शराब को पीता है और फिर बाद में शराब उसका खून पीती है।' जापानी संत कागावा ने कहा कि 'कटी हुई पतंग, झूमता हुआ शराबी, गिरता हुआ तारा और मझधार में फँसा जहाज कहाँ जाकर टकराएगा – कोई नहीं बता सकता?' आध्यात्मिक उन्नति में मद्य बाधक तत्व है, इसलिए सभी धर्मों में मद्यपान का निषेध किया गया है।

दुनियाभर के महापुरुषों और विचारकों ने शराब को निंदनीय बताया है। जिन लोगों को मद्यपान का व्यसन लगा हुआ है, उनके शत्रु उनसे कभी नहीं डरते हैं। सुकरात ने कहा प्रचुर रेशमी वस्त्र, शराब और व्याभिचार की सुविधाएँ उपलब्ध करवा देने से शीघ्र ही किसी भी कौम या मुल्क को हथियार उठाए बगैर खत्म किया जा सकता है।' वाल्तेयर ने मांसाहार और मद्यपान को संयुक्त बुराई बताते हुए लिखा – जो मनुष्य पशुओं के मृत शरीर का भक्षण करता है और खूब मद्यपान करता है, उसका रक्त दूषित हो जाता है और वह उसे पागल कर देता है।' विश्व इतिहासकार टॉयन्बी का निष्कर्ष बहुत भयावह है– अति प्राचीन काल से अस्तित्व में आईं कुल इक्कीस संस्कृतियों में से उन्नीस संस्कृतियों के पतन का कारण शराब है।' कश्मीरी कवयित्री लल्लादेवी के अनुसार घर को पत्थरों से भले ही भर दो; लेकिन शराबी को घर में किसी भी स्थिति में मत रखो।'

शराब से हृदय रोग, केंसर, अनिद्रा, अल्सर, मधुमेह, नपुंसकता, जोड़ों में दर्द, लकवा, हेपेटाइटिस, उन्माद, मिरगी, यकृत–विकृति, गुर्दों की कार्यशीलता में कमी आदि कई भयंकर रोग होते हैं। शराब स्वास्थ्य और सुख की भयंकर शत्रु है। पागलखाने के एक सर्वेक्षण के अनुसार 'प्रति दस पागलों में से छह व्यक्ति बेहद शराब पीने के कारण पागल हुए थे। चरक संहिता के अनुसार शराब सभी कुकर्म कराने वाली है। वह देह का सर्वनाश करती है। शराबी पर कोई औषधि असर नहीं करती। जो बुद्धिमान व्यक्ति मद्यपान नहीं करते हैं, वे इससे होने वाली शारीरिक और मानसिक व्याधियों से मुक्त रहते हैं।' गांधीवादी चिकित्सक डॉ. सुशीला नैयर के अनुसार 'औषधिशास्त्र में अल्कोहल (शुद्ध मद्य) का कोई स्थान नहीं है।' अमेरिका की मेडिकल एसोसिएशन के अनुसार भी अल्कोहल में चिकित्सा का कोई गुण नहीं है। शराब से व्यक्ति ही नहीं, समाज भी बीमार होता है।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# राहुल गांधी को अब गंभीरता से लिया जा रहा, वह किसी दिन देश का नेतृत्व करेंगे : शरद पवार

**मुंबई/भाषा**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को गंभीरता से लिया जा रहा है और वह किसी दिन देश का नेतृत्व करेंगे। यहां 'इंडिया टुडे कॉन्क्लेव' में परिचर्चा के दौरान उन्होंने दोहराया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ हाथ मिलाने का कोई सवाल ही नहीं है।

शरद पवार ने अजित पवार के नेतृत्व वाले राकांपा के खेमे का जिक्र करते हुए कहा, ''जो लोग भाजपा के साथ गए हैं, उनका राकांपा से कोई लेना-देना नहीं है और उन्होंने जांच एजेंसियों के डर के कारण पाला बदल लिया है।'' पवार ने कहा, ''भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल गांधी को गंभीरता से लिया जा रहा है और वह किसी दिन देश का नेतृत्व करेंगे।''

आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने को लेकर पवार ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी की कार्रवाई से विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' और मजबूत होगा। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में उनसे कहा था कि आम आदमी पार्टी दिल्ली की सात में से तीन सीटें कांग्रेस को देने के लिए तैयार है। उन्होंने विश्वास जताया कि हिंदी पट्टी के प्रमुख राज्य उत्तर प्रदेश में कांग्रेस दोबारा मजबूत होगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद महा विकास आघाड़ी (एमवीए) निश्चित रूप से महाराष्ट्र में सरकार बनाएगी। शिवसेना, कांग्रेस और राकांपा के गठबंधन वाले एमवीए के वास्तुकार माने जाने वाले पवार ने कहा कि उन्होंने राज्य में निर्वाचन क्षेत्र-वार विश्लेषण किया है। उन्होंने कहा, ''निश्चित रूप से, हम महाराष्ट्र में सरकार बनाएंगे... पिछले (लोकसभा) चुनाव में, हमें यहां केवल चार सीटें मिली थीं। लेकिन इस बार, अगर हम कम से कम 50 प्रतिशत सीटें जीत जाएं तो मुझे आश्चर्य नहीं होगा।''

# राहुल ने सोनिया गांधी को तोहफे में दी 'नूरी'

नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हाल ही में अपनी मां सोनिया गांधी को 'जैक रसेल टेरियर' नस्ल की 'पपी' उपहार में दी है जिसे उन्होंने 'नूरी' नाम दिया है।

राहुल गांधी ने एक वीडियो में 'नूरी' को अपने परिवार का 'सबसे नया सदस्य' बताया। विश्व पशु दिवस पर अपने यूट्यूब चैनल पर साझा किए गए एक वीडियो में राहुल गांधी को गोवा की निजी यात्रा करते और उस 'पपी' से मिलते देखा जा सकता है जिसे बाद में दिल्ली लाया गया।

राहुल गांधी ने कहा, ''मैं चाहता हूं कि आप सभी हमारे परिवार के सबसे नए और सबसे प्यारे सदस्य नूरी से मिलें। वह गोवा से सीधे हमारी बाहों में आई और हमारे जीवन की रोशनी बन गई। बिना शर्त प्यार और वफादारी - यह खूबसूरत जानवर हमें बहुत कुछ सिखा सकता है!''

# 'मुंबई डायरीज 2' पर कोंकणा सेन शर्मा ने कहा, 'यह घर वापसी जैसा एहसास'

**मुंबई/एजेन्सी**



'मुंबई डायरीज' सीरीज को लेकर अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा पूरी तरह से तैयार हैं। अभिनेत्री ने कहा है कि यह उनके लिए पहला सीक्वल होगा। आठ एपिसोड वाली सीरीज 6 अक्टूबर को प्राइम वीडियो पर आएगी। 'मुंबई डायरीज' सीरीज में कोंकणा डॉ. चित्रा दास की भूमिका निभाती नजर आएंगी। उनका किरदार अपने भीतर के राक्षसों से लड़ता है। वह चित्रा बॉम्बे जनरल हॉस्पिटल में सोशल सर्विसेज की निदेशक की भूमिका में हैं। शो में मोहित रैना मुख्य भूमिका में हैं, जो बॉम्बे जनरल अस्पताल में ट्रॉमा सर्जरी के प्रमुख डॉ. कौशिक ओबेरॉय की भूमिका निभाते हैं। इस सीरीज के सीक्वल पर काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, कोंकणा ने कहा, यह पहली बार है कि मैं किसी शो के सीक्वल पर काम कर रही हूं जो वास्तव में बहुत प्यारा है। यह घर वापसी की अनुभूति है, विशेषकर तब जब आप केवल चरित्र का निर्माण कर रहे हैं।''

उन्होंने आगे कहा, ''चूंकि हमारे पास वापस लौटने के लिए कुछ था, इसलिए इसकी शूटिंग में भी बहुत मजा आया। न केवल शो और उसके किरदारों में बल्कि कहानी की गहराई तक जाना भी अपने आप में अद्भुत अनुभव था। उन्होंने आगे कहा, चूंकि हमारे पास वापस लौटने के लिए कुछ था, इसलिए इसे शूट करने में भी बहुत मजा आया। न केवल शो या किरदार के उस क्षेत्र में वापस आना, बल्कि आप इसमें गहराई तक जा रहे हैं, जो काफी अद्भुत अनुभव था। . कोंकणा के साथ, 'मुंबई डायरीज 2' में श्रेया धनवंतरी, नताशा भारद्वाज, सत्यजीत दुबे और मृण्मयी देशपांडे प्रमुख भूमिकाओं में हैं। निखिल आडवाणी द्वारा निर्देशित और एम्मे एंटरटेनमेंट के प्रोडक्शन के तहत मोनिशा आडवाणी और मधु भोजवानी द्वारा निर्मित, 'मुंबई डायरीज 2' एक मेडिकल ड्रामा है, जो बाढ़ प्रभावित लोगों से निपटने वाले बॉम्बे जनरल अस्पताल के कर्मचारियों के बारे में है।

आठ एपिसोड वाली सीरीज का प्रीमियर 6 अक्टूबर को प्राइम वीडियो पर होगा। 'मुंबई डायरीज 26/11' का पहला सीजन 9 सितंबर 2021 को रिलीज हुआ। कोंकणा को इससे पहले 'कुट्टी' में देखा गया था। आसमान भारद्वाज द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर फिल्म में तब्बू, अर्जुन कपूर, नसीरुद्दीन शाह, राधिका मदान, कोंकणा, कुमुद मिश्रा और शार्दुल भारद्वाज जैसे कलाकार हैं।

'महादेव बेटिंग ऐप' मामला

# ईडी ने अभिनेता रणबीर कपूर को पूछताछ के लिए बुलाया

**नई दिल्ली/भाषा**



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ के 'महादेव बेटिंग ऐप' से जुड़े धनशोधन के मामले में अभिनेता रणबीर कपूर को समन जारी कर शुक्रवार को पूछताछ के लिए उपस्थित होने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने आरोप लगाया है कि कपूर को कथित तौर पर ऐप के प्रवर्तकों में से एक की शादी में प्रस्तुति देने के लिए प्रवर्तकों से धन मिला था। उन्होंने बताया कि ईडी ने कपूर को छह अक्टूबर को एजेंसी के रायपुर स्थित कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है।

सूत्रों ने बताया कि ईडी 14 से 15 अन्य हस्तियों की मामले में भूमिका की जांच कर रही है और उन्हें भी जल्द पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।

एजेंसी के मुताबिक कंपनी के प्रवर्तक सौरभ चंद्रशेखर और रवि उप्पल दुबई से इसे संचालित कर रहे थे। उसने आरोप लगाया कि वे नए उपयोगकर्ताओं का पंजीकरण करने के लिए 'ऑनलाइन बुक बेटिंग एप्लिकेशन' का इस्तेमाल करते थे, आईडी बनाते थे एवं बहु स्तरीय बेनामी बैंक खातों के नेटवर्क से धनशोधन करते थे।

अधिकारियों ने बताया कि ईडी की जांच में खुलासा हुआ कि 'महादेव ऑनलाइन बुक ऐप' का संचालन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) स्थित प्रधान कार्यालय से किया जाता था। उन्होंने बताया कि वे अपने जानकारों को 'फ्रेंचाइजी' के जरिये खोली गई शाखाओं को कारोबार का अधिकार 70-30 के लाभ अनुपात पर देते थे।

अधिकारियों ने बताया कि सट्टा से हुई कमाई की राशि दूसरे देशों में मौजूद खातों में भेजने के लिए बड़े पैमाने पर 'हवाला' का इस्तेमाल करते थे। उन्होंने बताया कि भारत में सट्टा वेबसाइट के प्रचार करने के लिए बड़े पैमाने पर नकदी का इस्तेमाल किया गया ताकि नए उपयोगकर्ताओं और फ्रेंचइजी के लिए आकर्षित किया जा सके। कंपनी के प्रवर्तक छत्तीसगढ़ के भिलाई के रहने वाले हैं।



# रजनीकांत के साथ 'थलाइवर 170' में काम करेंगे अमिताभ

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन , दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत के साथ फिल्म थलाइवर 170 में काम करते नजर आयेंगे। हाल ही में रजनीकांत की अगली फिल्म थलाइवर 170 की घोषणा की गई है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन का नाम भी जुड़ गया है।वाईएलसीए प्रोडेक्शन हाउस ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर रजनीकांत की थलाइवर 170 को लेकर जानकारी दी है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन भी नजर आएंगे। इसके साथ ही एक पोस्टर भी शेयर किया गया है, जिस पर अमिताभ बच्चन की तस्वीर और पीछे रजनीकांत की इस फिल्म का टाइटल भी लिखा हुआ नजर आ रहा है। अमिताभ बच्चन और रजनीकांत ने अंतिम बार वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म हम में काम किया था। इससे पहले दोनों कलाकारों फिल्म अंधा कानून (1983) और गिरफ्तार (1985) में स्क्रीन शेयर कर चुके हैं।

प्रदर्शन




नई दिल्ली में बुधवार को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर न्यूज पोर्टल न्यूज़क्लिक पर पुलिस की कार्रवाई को लेकर विरोध प्रदर्शन करते पत्रकार।

# पोप फ्रांसिस ने जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक नेताओं को चेताया

**वेटिकन सिटी/एपी**

पोप फ्रांसिस ने पर्यावरण पर अपने ऐतिहासिक 2015 पोप-परिपत्र को अद्यतन कर बुधवार को जारी किया। इसमें उन्होंने वैश्विक नेताओं को चेताया है और बाध्यकारी लक्ष्यों के जरिये जलवायु परिवर्तन की गति को धीमी करने का आह्वान किया है। पोप ने परिपत्र में चेताया है कि तेजी से गर्म होती पृथ्वी बहुत तीव्र गति से ऐसे बिंदु के निकट पहुंच रही है जहां से 'वापसी करना मुश्किल' है। फ्रांसिस ने कहा कि अब तक हुए इस भारी नुकसान को रोकने में दुनिया असमर्थ है। उन्होंने कहा, 'हमारे पास आगे होने वाली अधिक भयानक क्षति को रोकने के लिए समय भी बहुत कम है।''

परिपत्र, ''प्रेज गॉड'', असीसी के सेंट फ्रांसिस समारोह के मौके पर जारी किया गया और इसका उद्देश्य वार्ताकारों को दुबई में होने वाली संयुक्त राष्ट्र की वार्ता के अगले दौर में बाध्यकारी जलवायु लक्ष्यों के लिए प्रतिबद्ध होने के लिए प्रेरित करना था। पोप ने लोगों और ग्रह को पहले से ही हो रहे नुकसान के बारे में चेताया। उन्होंने अफसोस जताया कि एक बार फिर, दुनिया के गरीब और सबसे कमजोर लोगों को इसकी सबसे ज्यादा कीमत चुकानी पड़ रही है। सटीक वैज्ञानिक आंकड़ों, तीखे कूटनीतिक एवं धार्मिक तर्कों का उपयोग करते हुए, फ्रांसिस ने दुनिया के लिए जीवाश्म ईंधन से स्वच्छ ऊर्जा की ओर कदम बढ़ाने की अनिवार्यता पर जोर दिया। पोप फ्रांसिस ने ''संरचनात्मक रूप से विकृत'' आर्थिक प्रणाली को सही करने के लिए एक साहसिक सांस्कृतिक क्रांति का आह्वान किया।



# 'सौतन' में नजर आएंगे विक्रांत सिंह राजपूत

**मुंबई/वार्ता**

भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत फिल्म सौतन में संचिता बनर्जी और ऋतु सिंह के साथ काम करते नजर आयेंगे। निर्माता प्रदीप सिंह,प्रतीक सिंह और निर्देशक अजय झा की फिल्म सौतन में विक्रांत सिंह राजपूत, संचिता बनर्जी और ऋतु सिंह मुख्य भूमिका में हैं। विक्रांत सिंह राजपूत ने फिल्म सौतन को लेकर कहा कि मुझे लगता है यह भोजपुरी की सबसे बड़ी फिल्म होने वाली है। फिल्म की कहानी बेहद दमदार है। ऐसी फिल्मों की तलाश मुझे रही है। इस फिल्म का पैमाना भोजपुरी की प्रतिनिधि सिनेमाओं वाली है। अभी इसके हर हिस्से को बारीकी से शूट किया जा रहा है, जिस वजह से फिल्म में समय लग रहा है। लेकिन इतना तो तय है कि यह फिल्म जब बड़े परदे पर आएगी, तो रिकार्ड बनाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि सौतन में मेरी भूमिका बेहद खास है। फिल्म में दो दिग्गज अभिनेत्रियों के बीच मेरा किरदार दर्शकों को खूब लुभाएगी। मैंने इस फिल्म के लिए खूब मेहनत की है और हमारी टीम को इससे काफी उम्मीदें भी हैं। विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा सौतन की कहानी से लेकर गीत-संगीत और संवाद बेहद मनोरंजक होने वाले हैं। प्रदीप सिंह की पहचान कमाल की फिल्में बनाने की रही है। उनके साथ काम करना मेरे लिए बेहद अच्छा अनुभव है। वहीं अजय झा के निर्देशन में काम करने में खूब मजा भी आ रहा है। फिल्म में मेरे साथ संचिता बनर्जी, ऋतु सिंह, देव सिंह और श्वेता वर्मा मुख्य भूमिका में हैं।



# जैकलीन पर तंज कसना मीका सिंह को पड़ा भारी

**मुंबई/एजेन्सी**

कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर ने जेल से भेजे गए एक पत्र में पॉप सिंगर मीका सिंह को चेतावनी जारी की है। दोनों शख्सियतों के बीच विवाद तब शुरू हुआ जब मीका सिंह ने हॉलीवुड स्टार जीन-क्लाउड वैन डेम के साथ जैकलीन फर्नांडीज की फोटो पर कमेंट किया, 'ये सुकेश चंद्रशेखर से बेहतर है।' एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम पोस्ट पर मीका ने कमेंट किया था, ''आप बहुत खूबसूरत लग रही हो, यह सुकेश से कहीं बेहतर है।'' हालांकि सिंगर ने कुछ देर बाद अपने इस कमेंट को डिलीट कर दिया। इस कमेंट के जवाब में, दिल्ली के मंडोली जेल में बंद सुकेश ने अपने वकील अनंत मलिक द्वारा सार्वजनिक किए गए एक पत्र के जरिए चेतावनी भेजी है। पत्र में, सुकेश ने मीका को एक बुरा आदमी कहा और जैकलिन के जीवन में उनके हस्तक्षेप की आलोचना की। सुकेश ने लिखा, ''मिका, मैं समझ गया कि आप क्या करने की कोशिश कर रहे हैं। सबसे पहले कहानी यह है, आप इस पर कमेंट करने में सक्षम नहीं हैं कि जैकलीन के लिए क्या अच्छा है, मुझे आपके कमेंट के बारे में पता चला, पहले अपने आप को देखें, आप अच्छे नहीं हैं... मेरे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है, सब खुलेआम है, लेकिन आपके पास बहुत सारा कचरा है, खासकर महिलाओं के साथ आपके आचरण के बारे में।''

मिका, बेहतर होगा कि आप अपनी रिस्पेक्ट और डिग्निटी की रक्षा करें और दूसरे लोगों की लाइफ में अपनी नाक घुसेड़ना बंद करें। मेरे दोस्त, अगली बार तुम्हें ऐसी सलाह नहीं मिलेगी, तुम्हें इसके परिणाम भुगतने पड़ेंगे, तुम्हारा कचरा खुले में और उजागर हो जाएगा और ढेर सारे कानूनी मुकदमे चलेंगे, जिससे तुम दिवालिया हो जाओगे, मैं तुम्हें विश्वास दिलाता हूं, मिस्टक मीका सिंह।'' उन सभी अद्भुत ट्रोलर्स के लिए, मैं फिल्म स्कारफेस की एक पुरानी लाइन का जिक्र करना चाहता हूं, आप सभी कॉकरोचों का एक ग्रुप हैं और आपको मेरे जैसे लोगों की जरूरत है जो प्वाइंट करें और बताएं, देखो, वह 'बुरा आदमी' है। आप लोग नफरत, नकारात्मकता और ईर्ष्या को छिपाना, फैलाना जानते हैं।'' उन्होंने कहा, अंदाजा लगाइए कि मैं आपके जैसा नहीं हूं, या मुझे यह समस्या है कि मैं जो करता हूं, वह सब खुलेआम करता हूं और इसमें सब कुछ करने की हिम्मत रखता हूं, और अपनी शर्तों पर इसका सामना करता हूं, इसलिए शुभकामनाएं, मैं हार नहीं मानता। सुकेश ने एक्ट्रेस को वैन डेम के साथ उनके अपकमिंग हॉलीवुड प्रोजेक्ट के लिए बधाई दी, आखिर में जैकी, मेरे बच्चे, मेरे बोम्मा, मैं तुम्हें पागलों की तरह प्यार करता हूं, इन सभी नेगेटिविटी के बारे में टेंशन मत लो, मैं यहां हूं और इससे निपट लूंगा। अंत में यह केवल एक ही जीत का सिलसिला है। मेरे रॉकस्टार तुम्हें पागलों की तरह याद कर रहा हूं, इंतजार नहीं कर सकता।''





# राम चरण ने मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में अयप्पा दीक्षा की पूरी

**मुंबई/एजेन्सी**

ग्लोबल स्टार राम चरण ने हाल ही में मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में अयप्पा दीक्षा संपन्न की। 'अयप्पा दीक्षा' भगवान अयप्पा के भक्तों द्वारा मनाया जाने वाला व्रत है। इस अवधि के दौरान, राम चरण ने सख्त नियमों का पालन किया, जिसमें केवल काला कुर्ता और अयप्पा माला पहनना शामिल था। तस्वीरों में, राम चरण अपनी दीक्षा पोशाक पहने और नंगे पैर चलते हुए सिद्धिविनायक मंदिर की ओर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। सिद्धिविनायक मंदिर भक्तों के दिलों में एक अद्वितीय स्थान रखता है, और राम चरण के लिए यह उनकी अयप्पा दीक्षा के समापन के लिए एक आदर्श स्थान है। वर्कफ्रंट की बात करें तो राम चरण अगली बार 'गेम चेंजर' में नजर आएंगे। 'गेम चेंजर' एस. शंकर द्वारा निर्देशित एक राजनीतिक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें कियारा आडवाणी, अंजलि, एस जे सूर्या, जयराम, सुनील, श्रीकांत, समुथिरकानी और नासर भी हैं। फिल्मांकन हैदराबाद, न्यूजीलैंड, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, विशाखापत्तनम और पंजाब में हुआ। आधिकारिक शीर्षक का अनावरण 27 मार्च को चरण के जन्मदिन के दौरान किया गया।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

धर्म के तत्व को जानने वाला ही धर्म कर सकता है, अज्ञानी और नास्तिक नहीं कर सकता है। धर्म हमारा मित्र और अधर्म शत्रु है। अधर्म के मार्ग पर चलने वाला प्राणी जीवन में कभी सुख नहीं भोग सकता है और ना ही कभी संसार से मुक्ति प्राप्त कर सकता है क्योंकि अधर्म और पाप के रास्ते पर जो व्यक्ति चलता है आज तक वह अपना भला नहीं कर पाया है और न ही किसी और का कर सकता है। साध्वी स्नेह प्रभा ने उत्तराध्यय सूत्र के अध्ययन का वांचन करते हुए बताया कि सच्चा सुख धर्म में है, और धर्म का पालन करने से व्यक्ति सिद्धि और लब्धि प्राप्त करता है धर्म जीवन की वह औषधी है जिससे मनुष्य संसार के सब दुखों से छुटकारा प्राप्त कर सकता है।



# अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट-2023 जिला स्तरीय स्कूली प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। साहुकारपेट के तेरापंथ जैन विद्यालय में साध्वीश्री लावण्यश्रीजी की निश्रा में स्कूल के पांचवी कक्षा से आठवीं कक्षा के एक ग्रुप में 6 प्रतियोगिताएं, नौवीं से लेकर 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए 6 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। बच्चों ने जिला स्तरीय विषयों पर अणुव्रत अमृत महोत्सव के एसीसी-23 के मुख्य थीम 'असली आजादी अपनाओ' पर अपनी अपनी प्रस्तुतियां दी। चित्रकला प्रतियोगिता, गीत गायन समूह एवं एकल प्रतियोगिता, कविता लेखन प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता इस प्रकार सारी प्रतियोगिताओं के लिए विविध निर्णायकों द्वारा जिला स्तरीय विजेताओं का निर्णय करने किया। द्वितीय चरण में अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट चेन्नई जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के प्रायोजक विजयराज पुष्पा कटारिया द्वारा बच्चों का सम्मान किया। सभी निर्णायकों का सम्मान अणुव्रत समिति अध्यक्ष ललित आंचलिया, मंत्री स्वरूपचन्द दाँती, प्रायोजक विजयराज पुष्पा कटारिया ने किया। राष्ट्रीय साउथ जोन प्रभारी सुभद्रा लुणावत ने चेन्नई जिला के 36 स्कूलों द्वारा किए गए प्रतिभा के प्रदर्शनों की सराहना की। तमिलनाडु राज्य प्रभारी एसीसी 23 के कुशल बांठिया के साथ अणुव्रत समिति चेन्नई के प्रदीप बाफना, अनिल बोथरा, रोशन बोथरा के साथ पदाधिकारियों एवं अनेकों सदस्यों का प्रतियोगिताओं के संचालन में सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन सुभद्रा लुणावत द्वारा किया गया।



# सितम्बर माह में पेरम्बूर डायलेसिस सेन्टर में हुई 319 डायलेसिस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई । शहर के जैन मेडिकल रिलीफ सोसायटी द्वारा संचालित आंचीबाई हेमराज कटारिया डायलेसिस सेंटर पेरम्बूर में सितंबर माह में 319 डायलेसिस किए गये। वहां पर बुरड़ डेंटल केयर में 357 लोगों का दांतों का इलाज किया गया तथा बोहरा डायग्नोस्टिक सेंटर में 136 जनों का बीपी सुगर व अन्य लेब जांच कि गयी। केसरियानाथ औषधालय में 421 मरीजों की सामान्य जांच की गयी। जैन मेडिकल सोसाइटी के अध्यक्ष अशोक मेहता व महामंत्री राजकुमार दुगड ने हास्पिटल की प्रगति के लिए सुझाव दिये। चेयरमैन महेंद्र कुंकुलोल, मंत्री ज्ञानचंद कोठारी, कोषाध्यक्ष सुशील ओस्तवाल, भरत लोढा आदि ने सेवाएं प्रदान की।

# विकृत अज्ञान से मोहनीय कर्म होता है : आचार्य उदयप्रभसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां किलपॉक जैन संघ में विराजित योगनिष्ठ आचार्य केशरसूरी समुदाय के वर्तमान गच्छाधिपति आचार्यश्री उदयप्रभसूरीश्वरजी ने ठाणेणं सूत्र की विवेचना करते हुए कहा कि जीवन में अल्प आयुष्य का बंध होने के तीन कारण है। पहला, जो आत्मा अपने जीवन के अंदर प्राणों की विराधना करता हो या उनको पीड़ा देता हो। प्राण दस होते हैं पांच इंद्रियां, मन, वचन, काया, आयुष्य और श्वासोश्वास। दूसरा, जो जीवन में मृषावाद यानी असत्य का सहारा लेता हो, चाहे वह असत्य बढ़ाई करने के लिए हो या खुद को सच साबित करने के लिए हो। उन्होंने कहा मृषावाद यानी झूठ के चार प्रकार होते हैं, पहला आस्तिक को नास्तिक बोलना, दूसरा नास्तिक को आस्तिक बोलना, तीसरा किसी की मार्मिक या रहस्यमय बात को उजागर करना और चौथा आरोप अथवा इल्जाम लगाना। उन्होंने कहा बासी, अभक्ष्य या कड़ा आहार का सुपात्रदान करना अल्पायुष्य के कर्मबंध का तीसरा कारण होता है। आचार्यश्री ने कहा जब मछली गति करती है तो वह पानी के सहारे करती है। कोई अन्य प्राणी ऐसा नहीं कर सकता क्योंकि जलचर प्राणी पानी में ही जिएगा। इसी तरह धर्मास्तिकाय के बिना हम संसार में नहीं तिर सकते। पदार्थ, आत्मा और पुरुषार्थ तीनों मिलकर काम करते हैं।

उन्होंने कहा किसी की रहस्यमय या मार्मिक बातों को अन्य लोगों के सामने प्रकट नहीं करना चाहिए। विकृत अज्ञान यानी जिसके अंदर गलत धारणाएं धारण करते हैं। अल्प अज्ञान मोक्ष का जवाबदार नहीं है। अज्ञान कम होने का कारण ज्ञानावरणीय कर्म हो सकते हैं लेकिन विकृत अज्ञान होने का कारण मोहनीय कर्म होता है। जीवन में रहे हुए अज्ञान को गुरु ही दूर कर सकते हैं।

उन्होंने कहा साधु भगवंत को अकल्पी, अभक्ष्य या शरीर को नुकसान देने वाला आहार नहीं देना चाहिए, यह भी अल्पायुष्य के बंध का कारण होता है। उन्होंने कहा दीक्षा का मतलब जीवन का नहीं, मन का समर्पण होता है। मन का समर्पण मतलब विचारमुक्त जीवन। गुरु का अनुग्रह मिले तो शिष्य की आत्मा तिर जाती है और वहीं, अनुग्रह के अभाव में आत्मा डूब जाती है। जिस आत्मा ने इंद्रियों पर नियंत्रण किया है और उसको गुरु का अनुग्रह मिला है, तो वह आत्मा कभी नहीं डूब सकती। उन्होंने कहा देव का अनुग्रह प्राप्त करना आसान है लेकिन गुरु का अनुग्रह प्राप्त करना कठिन है। ज्ञानी कहते हैं लोगों को भगवान पसंद है, पर गुरु नहीं लेकिन गुरु पसंद नहीं है तो भगवान भी नाराज रहते हैं। बहुत बार भगवान और गुरु पसंद आते हैं लेकिन उनकी आज्ञा पसंद नहीं आती। ज्ञानी कहते हैं तीर्थंकर, गुरु, जीव और मालिक की आज्ञा के बिना साधु गोचरी भी नहीं ले सकते।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

# ऊंचे लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मनुष्य के भीतर ललक के साथ उत्साह आवश्यक है : देवेंद्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। 'ऊंचे लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मनुष्य के भीतर ललक के साथ उत्साह आवश्यक है। ललक सब में होती है, लेकिन उत्साह के अभाव में अधिकांश लोग उलझ जाते हैं।' यह विचार आचार्य श्री देवेंद्रसागरसूरीजी ने श्री सुमतिवल्लभ जैन संघ में प्रवचन देते हुए कही।उन्होंने आगे कहा कि सफलता के लिए किए जा रहे परिश्रम को ठीक से क्रियान्वित करना हो तो ललक के साथ उत्साह बनाए रखिए। लगन और उत्साह का लाभ समय प्रबंधन में मिलता है। सभी बड़ी हस्तियां समय प्रबंधन को साधकर ही सफलता की ऊंचाई तक पहुंची हैं। कार्य कितना महत्वपूर्ण है और उसे किस समय पर पूरा करना है, यह निर्धारित करना बहुत आवश्यक है। अधिकांश लोग ये दोनों बातें निर्धारित ही नहीं कर पाते। यहीं से उलझन शुरू हो जाती है।

संतश्री ने कहा कि एक कार्य पूरा होता नहीं कि दूसरा काम हाथ में ले लिया जाता है। जो लोग सफलता के लिए जी-तोड़ मेहनत में लगे हैं, उन्हें यह समझ लेना होगा कि अपनी ललक को सार्थक क्रियारूप देने के लिए जीवन में उत्साह दिलाने वाले लोगों का साथ रखिए और साधनों का उपयोग



करते रहिए। मेहनत तो हर कोई कर लेता है, लेकिन सफलता की ऊंचाई तक पहुंचने पर अशांत लोग कम ही होते हैं। एक प्रयोग यह भी करें कि परिश्रम करते समय मन को विश्वास से भर दें कि हम जरूर सफल होंगे। यह उत्साह का ही रूप है। उन्होंने आगे कहा कि प्रयत्नशील व्यक्ति को कई बार कर्म में सफलता नहीं मिलती परंतु वह पश्चात्ताप का अनुभव नहीं करता। कर्म या प्रयत्न में आनंद का अनुभव करने वाला व्यक्ति फल प्राप्ति होने पर भी सुख प्राप्ति नहीं करता अपितु कर्म की अवधि में ही वह सुख का अनुभव करने लगता है। कई बार आनंद का संबंध किसी अन्य विषय में रहता है परंतु व्यक्ति में आनंद के कारण ऐसी स्फूर्ति उत्पन्न हो जाती है कि वह अन्य कार्यों में भी उत्साह का प्रदर्शन करने लगता है। उत्साह के अतिरिक्त अन्य मनोविकारों में भी यह प्रवृत्ति पाई जाती है।

उन्होंने कहा कि उत्साह में प्रयत्न और कर्म संकल्प के साथ आनंद की उमंग विद्यमान रहती है। उत्साह में बुद्धि की तत्परता के साथ-साथ शारीरिक तत्परता भी आवश्यक है।

शारीरिक तत्परता के अभाव में केवल बुद्धि की तत्परता को उत्साह नहीं कहा जा सकता। जिन कर्मों में किसी प्रकार का कष्ट या हानि सहने का साहस अपेक्षित होता है, उन सबको उत्साह के अन्तर्गत समाहित किया जा सकता है। कष्ट या हानि के भेद के अनुसार उत्साह के तीन भेद किए जा सकते हैं युद्धवीर, दानवीर, दयावीर आदि। दयावीर में आत्म-त्याग का साहस आवश्यक है। तभी तीनों क्षेत्रों में उत्साह का संरचण हो सकता है।



# 'प्रभु वचनों का अनुसरण करके हमें जीवन को धन्य बनाना है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अक्कीपेट के तत्वावधान में स्थानक में विराजित साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी म. सा. के सान्निध्य में पुच्छीसुणं का संपुट्ट जाप का आयोजन चल रहा है। बुधवार को महासती ने चौदहवीं गाथा का संपृष्ट जाप किया गया। जाप के बाद में गाथा का विवेचन करते हुए साध्वी प्रतिभाश्रीजी ने कहा कि 'संयमं गोयम मां पमायए' अर्थात समय मात्र का भी प्रमाद मत करो। यह जीवन क्षणभंगुर है। ओस की बूंद के समान है। हमें प्रमाद और आलस में नहीं गंवाना है, क्योंकि हाथ से गया हुआ, समय वापस नहीं आता। हमें प्रभु परमात्मा की वचनों का अनुसरण करके अपने जीवन को धन्य बनाना है।

जाप के बाद में गाथा का विवेचन करते हुए साध्वी अनुज्ञाश्रीजी ने कहा कि सुदर्शन मेरु पर्वत अपनी विशेषताओं के कारण यशस्वी है। वैसे ही भगवान महावीर कुल, वर्ण, यश और बल से सर्वश्रेष्ठ हैं। हमें प्रभु परमात्मा के जीवन के गुणों को जानना है। उनका नाम, वाणी, वर्ण, और तेज अनुत्तर विशिष्ट है। शरीर दो प्रकार का है, मरणमय शरीर और यश शरीर। हर जीव जिसने जन्म लिया उसे एक न एक दिन मरना पड़ता है। कुछ लोग मरकर भी अपने गुणों के रूप में लोगों के दिल में सदैव जीवित रहते है। प्रभु परमात्मा का जीवन गुणों से भरा हुआ है। प्रभु ने ज्ञान, दर्शन, चरित्र और तप से युक्त जीवन जिया। साध्वी ऋषिताश्रीजी ने चातुर्मास संबंधी सूचनाएं प्रदान की। बुधवार को पुच्छिस्सुणं जाप के लाभार्थी महावीरकुमार शुभमकुमार संचेती परिवार तथा मीठालाल सुशीलकुमार जितेंद्रकुमार कसवा परिवार थे। उपाध्याय पूज्य गुरुदेव श्री पुष्करमुनिजी म. सा. की जन्म जयंती समारोह की चतुर्थ दिवस पर सत्य बहू मंडल द्वारा गुरु पुष्कर के जीवन दर्शन पर आधारित अंताक्षरी का आयोजन किया गया। सहमंत्री विनोद भूरट ने संचालन किया।

# संसार में कुछ भी असंभव नहीं : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि 'मेरो मन भटक भटक जावै, कौन मार्ग पर चलूं मैं जहां पर सुख पावै' अर्थात मेरा मन बहुत भटक रहा है, मैं कौन सा मार्ग प्राप्त करूं जिससे वह भटकना बंद हो जाए, यह बात भगवान श्री कृष्ण जी से अर्जुन ने कही थीं।

हे प्रभु मेरा मन बहुत चंचल है जो बहुत भटक रहा है। इसे शांत करना मुझे लगता है असंभव है, तब श्री कृष्ण जी ने कहा संसार में कुछ भी असंभव नहीं। इस भटक रहे मन



को शांत किया जा सकता है, परंतु उसके लिए आपको बार-बार कोशिश करनी पड़ती है। आज यदि हम इधर-उधर भटक रहे हैं तो इसका कारण हमारा जीवन में अस्त-व्यस्त हो गया है। जैसे किसी व्यक्ति को बहुत तेज भूख लगी हो और वह भोजन की तलाश में इधर-उधर भटक रहा हो और फिर अचानक उसे भोजन प्राप्त हो जाए तो वह प्रसन्न हो जाता है। मेघराज भंसाली, मांगीलाल वेदमुथा, कांतिलाल गांधीमुथा ने आरती का लाभ लिया।

# 'सच्चे मन से प्रार्थना करने से मन की इच्छा पूर्ण होती है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शांतिनाथ श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ एलएन पुरम, श्रीरामपुरम में विराजित मुनिश्री राजपद्मसागरजी व श्रमणपद्मसागरजी के सान्निध्य में बुधवार को संतिकरं महापूजन हुआ । इस मौके पर संतश्री ने कहा कि संतिकरं स्तोत्र बहुत प्रभावशाली स्तोत्र है, इस स्तोत्र के रचयिता महान शासन प्रभावक सूरीमंत्र समाधारक आचार्य श्रीमुनिसुंदरसूरी जी म.सा है। एक दृष्टांत सुनाते हुए मुनिश्री ने कहा कि एक बार राजस्थान के देलवाड़ा में महामारी फैली थी, अनेक लोग काल का ग्रास बन रहे थे तब गांववासी आचार्यश्री के पास निवारण हेतु गए तब आचार्यश्री ने संतिकर स्तोत्र द्वारा पानी मंत्रित किया और पूरे गांव इस पानी के छिड़काव का सुझाव दिया। पानी छिड़काव से पूरे गांव से महामारी का नाश हो गया इतना शक्तिशाली है संतिकरं स्तोत्र। बड़ी संख्या में संघ के श्रावक एवं श्राविकाओं ने महापूजन का लाभ लिया।




# सेनेट्री नेपकीन का किया वितरण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। 'गरिमा प्रोजेक्ट झिझक छोड़ो-चुप्पी तोड़ो, खुल कर बोलो' के तहत महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नॉर्थ टाउन व लेडीज सेंटर की तरफ से मंगलवार को साहुकारपेट स्थित टीटीवी स्कूल में अपेक्स से प्राप्त 50 सेनेट्री नेपकीन दिए गए। प्रारम्भ में चेयरपर्सन ललिता सबदड़ा ने बालिकाओं को सेनेट्री नेपकीन के उपयोग, स्वच्छता व स्वास्थ्य पर प्रभाव के विषय में जानकारी दी। सचिव शीतल पीपाड़ा ने संस्था के कार्यो के बारे में जानकारी दी।

इस आयोजन में चेयरपर्सन ललिता सबदडा, सचिव शीतल पिपाडा, संयुक्त सचिव मंजू भंसाली, वाइस चेयरपर्सन सीमा खिवंसरा, कोषाध्यक्ष प्रेमलता भंडारी, सरिता ललवानी, संतोष सिसोदिया, निर्मला खिवंसरा, अजंता मुनोत, पुष्पा चोरड़िया, मंजू चौधरी आदि उपस्थित थीं।



# साधनों से नहीं साधना से आत्मा को मुक्ति मिलेगी : साध्वी धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। बुधवार को साहूकारपेट जैन भवन में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री धर्मप्रभाजी ने आयोजित धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि साधनों से नहीं साधना से आत्मा को मुक्ति मिलती है। मौत से बचना है तो आत्मा को जन्म-मरण से मुक्त करवाने पर ही आत्मा को संसार से मुक्ति मिल सकती है। मौत टलने वाली नहीं है क्योंकि प्रकृति और संसार का नियम है जो जीव संसार मे जन्म लेता है उसकी मृत्यु जन्म पर ही निधारित हो जाती है इस दुनिया ऐसा कोई जीव जन्मा नहीं जिसने जन्म लेने के बाद मृत्यु ना आई है। इंसान लाख जतन कर ले और कितना भी प्रत्यन कर ले फिर भी वह मौत पर विजय नहीं प्राप्त कर सकता है क्योंकि शरीर नश्वर है इस सत्य जो व्यक्ति स्वीकार लेता है। ताकि वह मौत के आने पर भी मौत से डरेगा नहीं और न ही भयभीत रहेगा। साधना ही वो मार्ग जिससे मनुष्य अपनी आत्मा को पहचान कर संसार मे आत्मा के जन्म और मृत्यु से मुक्त करवा सकता है। साध्वी स्नेहप्रभाजी ने उत्ताराध्यय अध्ययन सूत्र की तेरहवीं गाथा वर्णन करते हुए बताया संसार में आत्मा अकेले ही आती है और अकेले ही जाती है। फिर भी मनुष्य संसार के मोह में साधना को छोड़कर साधनों में लिप्त होकर अपनी मौत को भूल रहा है। संसार के सुख को शाश्वत समझ कर अपनी इस आत्मा की दुगति कर रहा है जबकि संसारी सुख क्षण मात्र का सुख है जबकि संसार दुःख ही दुःख भर हुए है।

# प्रेम की प्रगाढता के प्रतीक हैं भ्राता लक्ष्मण : साध्वी चैतन्याश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। पुरुषवाक्कम के एएमकेएम सेन्टर में विराजित साध्वी श्री चैतन्यश्रीजी म. सा. ने अपने प्रवचन में बताया कि 16 सतियों में एक सीता भी हैं, जिन्होंने इतिहास में स्वयं को सदा के लिए अमर कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाई हो तो लक्ष्मण जैसा हो। संयम लक्ष्मण का आभूषण था जिन्होंने इंद्रियों पर



विजय प्राप्त कर लिया आपके बच्चों को आप संयम सिखाइए। भाई के प्रति भाई प्रेम की जगह द्वेष ने जगह ले ली, समर्पण की जगह एक दूसरे को ना चाह कर पड़ोसी की जगह ले ली। एक भाई दूसरे भाई का पड़ोसी भी बन कर रहता है परंतु भाई को भाई नहीं समझता। अपने जीवन को संवारने में लगाइए। आपका जीवन आपका इतिहास आपके हाथ में है आप जैसा बोयेंगे वैसा ही फल आपको मिलेगा। धर्म सभा में अनेक तपस्या के प्रत्याखान हुए जिसमें 27 की तपस्या के लिए नवरतन जगावत के प्रत्याख्यान लिए। यह जानकारी पुरुषवाक्कम संघ के अध्यक्ष विनयचन्द पावेचा ने दी।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.